E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 41 | गुवाहाटी | शनिवार, 7 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

आरजी कर मामला : संदीप घोष के घर और ससुराल में ईडी का छापा पेज 2
आईआईटी गुवाहाटी ने किया एयरबस इंडिया प्रा. लि. से समझौता पेज 3
भजनलाल सरकार ने किए 108 आईएएस अधिकारियों के तबादले, जयपुर ... पेज 5
यूपी के 57 जनपदों में बनाए जा रहे सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पेज 8

Door
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*जो हमारे दिल में रहता है, वो दूर होके भी पास है। लेकिन जो हमारे दिल में नहीं रहता, वो पास होके भी दूर है।*

**- आचार्य चाणक्य**

## न्यूज गैलरी

### प्रशिक्षण केंद्र पर आकाशीय बिजली गिरने से दो जवानों की मौत


**दंतेवाड़ा ( हि.स. )।** जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारसूर के टेमरू भाटा पारा के पास सीआरपीएफ के नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र पर शुक्रवार की शाम को आकाशीय बिजली गिरने से दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक उत्तरप्रदेश और दूसरा झारखंड के रहने वाले थे। दोनों शहीद जवानों के शवों को जिला अस्पताल में रखा गया है। जानकारी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तान में सैन्य मुख्यालय पर आतंकवादी हमला

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक सैन्य मुख्यालय पर आतंकवादी हमला हुआ। इस हमले में कम से कम दो आत्मघाती हमलावर मारे गए। सुरक्षा बलों के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे मोहमंद जिले के घलानाई कस्बे में स्थित मोहमंद राइफल्स मुख्यालय पर किया गया। सुरक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

*भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र, अमित शाह बोले–*

# अनुच्छेद 370 हुआ अतीत अब कभी नहीं लौटेगा




**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया। शाह दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार दोपहर जम्मू पहुंचे। अमित शाह ने पार्टी का संकल्प पत्र जारी करने के बाद कहा कि आजादी के समय से ही हमारी पार्टी के लिए जम्मू-कश्मीर का ये भूभाग बहुत महत्वपूर्ण रहा है और आजादी के समय से ही हमने इस भूभाग को हमेशा भारत के साथ जोड़े रखने के लिए प्रयास किए। पंडित प्रेमनाथ डोगरा से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शहादत तक... ये पूरा संघर्ष पहले भारतीय जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने आगे बढ़ाया। क्योंकि हमारी पार्टी मानती है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा है और रहेगा। 2014 तक जम्मू-कश्मीर पर हमेशा आतंकवाद और अलगाववाद की परछाई रही। ये हमेशा जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करते रहे और सभी सरकारों ने एक प्रकार से तुष्टिकरण की पॉलिस्टिक्स से जम्मू-कश्मीर को डील किया। पहले यहां अलगाववादियों के सामने सरकारें नतमस्तक हुआ करती थीं। बीते 10 साल में यहां शांति रही और विकास हुआ। 370 और 35ए खत्म करना ऐतिहासिक फैसला रहा। अब ये दोनों अतीत बन चुके हैं। उनकी अब कभी वापसी नहीं हो पाएगी। 2014 से 2024 तक जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल रहे। धारा 370 और 35ए... अब पास्ट बन चुका है, वो हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। इसका बात का पूरे भारत और जम्मू-कश्मीर की जनता को आनंद है। क्योंकि धारा 370 ही वो कड़ी थी जो कश्मीर के अंदर युवाओं को उनके हाथ में पत्थर और हथियार पकड़ाती थी। आज मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास के क्षेत्र में बहुत सारे काम हुए हैं। पहले यहां डेमोक्रेसी तीन परिवारों में ही सीमित होकर रह गई थी। ना पंचायत चुनाव होते थे, ना तहसील पंचायतें बनती थीं, ना जिला पंचायतें होती थीं। भाजपा की सरकार ने ग्राम पंचायत, तहसील पंचायत, जिला पंचायत और म्यूनिसिपलिटी का चुनाव कराकर पंचायती राज को बहाल करने का काम किया है और लोकतंत्र को प्रस्थापित किया है। मैं राहुल गांधी जी से पूछना चाहता हूं कि आप देश और जम्मू-कश्मीर की जनता के सामने स्पष्ट करिए, आपके मौन धारण करने से कुछ नहीं होगा। क्या नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडा साथ कांग्रेस पार्टी सहमत है या नहीं? आप हां या ना में जवाब दीजिए।

## मणिपुर : पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के पास रॉकेट हमला, एक की मौत, पांच घायल



**इंफाल।** बीते डेढ़ साल से मणिपुर में हिंसा जारी है। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा फिलहाल थमती नहीं दिख रही है। इस बीच बिष्णुपुर के मोइरंग इलाके में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस हमले में अन्य पांच लोग भी घायल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर पर रॉकेट गिरा था। जिले में यह दूसरा रॉकेट हमला है। एक अधिकारी ने बताया कि जब रॉकेट हमला हुआ तब बुजुर्ग परिसर में कुछ धार्मिक कार्यक्रम में व्यस्त था। इस हमले के बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान 13 साल की एक बच्ची समेत पांच लोग भी घायल हुए। यह रॉकेट -शेष पृष्ठ दो पर

### 2024 पृथ्वी का सबसे गर्म साल, आंकड़ों ने दुनिया को चौंकाया

**नई दिल्ली।** देश भर में इस बार प्रंचड गर्मी का कहर देखने को मिला है। सितंबर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन अब भी देश के कई राज्यों उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। इस साल उत्तर भारत में गर्मियों में अब तक का सबसे अधिक वैश्विक तापमान दर्ज किया गया, जिसने पिछले साल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यूरोपीय संघ के जलवायु मॉनिटर ने इस बात की जानकारी दी है और बताया जा रहा है इस साल धरती पर -शेष पृष्ठ दो पर

## युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों के हाथों में : पीएम



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। वह शुक्रवार को सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री ने डिब्रूगढ़ में सड़क का नाम बदलकर रखी निर्माण की आधारशिला



**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज डिब्रूगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान एक सड़क का नया नामकरण किया। अपने चार दिवसीय ऊपरी असम के पांच जिलों के दौरे के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में कोल रोड का नया नामकरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस सड़क के पुनर्निर्माण के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला भी रखी। बाद में मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि डिब्रूगढ़ में कोल रोड आजादी से पहले ब्रिटिश सांसद आर्थर हेनरी कोल के नाम पर रखा गया था। इसे आज से *जयंत दत्त पथ* के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने आज डिब्रूगढ़ में -शेष पृष्ठ दो पर

## पेरिस पैरालंपिक : प्रवीण कुमार ने जीता स्वर्ण



**पेरिस ( हि.स. )।** भारतीय खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने भारत की छोली में एक और पदक डाल दिया है। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। भारत का पेरिस पैरालंपिक में यह छठा स्वर्ण है, जबकि 26वां पदक है। भारत के खाते में अब 6 स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक हो चुके हैं। 21 साल के भारतीय एथलीट प्रवीण ने मेन्स हाई जम्प टी64 स्पर्धा के फाइनल में 2.08 मीटर की जम्प लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में अमेरिका के डेरेक लोसिडेंट 2.06 मीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया। उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक जियाजोव ने 2.03 मीटर की जम्प के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक जीता। प्रवीण का यह पैरालंपिक में लगातार दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 2.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता था। पेरिस -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एथलीट प्रवीण कुमार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और कहा कि भारत को उन पर गर्व है। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया कि पेरिस 2024 पैरालिंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रवीण कुमार को -शेष पृष्ठ दो पर

## उप्र के हाथरस में सड़क दुर्घटना 15 लोगों की मौत



**हाथरस ( हि.स. )।** उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस में शुक्रवार की देर शाम को आगरा अलीगढ़ बाईपास के मीतई गांव के पास रोडवेज बस और लोडर टैम्पो की टक्कर हो गई। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई और कुछ लोग घायल हैं। सूचना पर जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को राहत कार्य तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, चंदपा कोतवाली क्षेत्र के मीतई बाईपास पर अलीगढ़ डिपो की बस ने लोडर मैक्स टैम्पो में टक्कर मार दी। टैम्पो में महिला-पुरूष और बच्चे सवार थे, जो सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना की जानकारी पर पाकर मौके पर पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल, जिलाधिकारी आशीष कुमार, -शेष पृष्ठ दो पर

### विश्व व देश की शांति के लिए हमारी सेना युद्ध के लिए भी तैयार : राजनाथ



**लखनऊ ( हि.स. )।** रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि विश्व और देश में शांति के लिए भारतीय सेना को हमेशा युद्ध के लिए भी तैयार रहने को कहा है। इजराइल-फिलिस्तीन विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह बयान बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दुनियाभर में कई महत्वपूर्ण देशों के बीच चल रहे शुद्ध जैसे माहौल में राजनाथ सिंह का यह बयान बताता है कि भारत कहीं ना कहीं अपने आप को इसमें शामिल मान रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ शुक्रवार को अपने -शेष पृष्ठ दो पर

## अब भांग की कमाई से आर्थिक संकट दूर करने की राह पर हिमाचल सरकार, सदन में प्रस्ताव पेश



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सरकार इस समय बड़ा आर्थिक संकट झेल रही है। संकट से घिरी प्रदेश ने अब कमाई का नया तरीका निकाला है। सरकार अब भांग से कमाई करेगी। भांग की खेती को लीगल करने और भांग के औषधीय व इंडस्ट्री सेक्टर में इस्तेमाल करने के लिए कांग्रेस सरकार ने इसका प्रस्ताव विधानसभा सदन में रखा। हिमाचल सरकार के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखा और इस पर चर्चा के बाद, सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने भांग की खेती को कानूनी मान्यता देने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य शामिल हैं। समिति की -शेष पृष्ठ दो पर

## कीनिया के बोर्डिंग स्कूल में लगी आग, 17 बच्चों की मौत





**नैरोबी ( हि.स. )।** कीनिया में न्येरी के कीनी में हिलसाइड एंडराशा अकादमी (प्राथमिक बोर्डिंग स्कूल) में लगी आग की चपेट में आए 17 बच्चों की मौत हो गई और कम से कम 13 झुलस गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। घटना गुरुवार देर रात की है। राहत और बचाव अधिकारी सैमसन म्वांगी मवेमा ने कहा कि आग स्थानीय समयानुसार करीब 23:00 बजे लगी। कीनिया से छपने वाले अखबार द स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय पुलिस सेवा की प्रवक्ता रेजिला ओन्यांगो ने घटना की पुष्टि की। राष्ट्रपति विलियम रूटो इस समय चीन-अफ्रीका सहयोग मंच शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग में हैं। उन्होंने आज सुबह बीजिंग से सुबह अकादमी प्रमुख से फोन से बात कर प्रभावित परिवारों को सहायता -शेष पृष्ठ दो पर

## आप भगवान हैं या नहीं, ये खुद नहीं लोगों को तय करने दें : भागवत



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि आप भगवान हैं या नहीं, यह लोगों को तय करने दें। हमें यह प्रचार नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन गए हैं। आरएसएस प्रमुख ने 1971 में मणिपुर में भैयाजी के नाम से मशहूर शंकर दिनकर केन के काम की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। भागवत ने कहा कि कुछ लोग सोचते हैं कि हमें शांत रहने के बजाय बिजली की तरह चमकना चाहिए। लेकिन बिजली गिरने के बाद पहले से भी ज्यादा अंधेरा हो जाता है। इसलिए कार्यकर्ताओं को दीये की तरह जलना चाहिए और जरूरत पड़ने पर चमकना चाहिए। शंकर दिनकर काणे ने 1971 तक मणिपुर में बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया। वह छात्रों को महाराष्ट्र भी लाए और उनके रहने की व्यवस्था की। संघर्षग्रस्त मणिपुर की मौजूदा स्थिति के बारे में बोलते हुए, भागवत ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियां कठिन और चुनौतीपूर्ण थीं। उन्होंने कहा कि ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी, आरएसएस के स्वयंसेवक पूर्वोत्तर राज्य में मजबूती से तैनात हैं, जहां दो समुदायों के बीच संघर्ष में 200 -शेष पृष्ठ दो पर

## बीएसएफ और बीजीबी की समन्वय बैठक में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर हुई चर्चा




**कोलकाता ( हि.स. )।** भारत-बांग्लादेश सीमा की मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए पांच सितंबर को समन्वय समिति की एक और बैठक हुई। यह बैठक सीमा सुरक्षा बल (पूर्वी कमान) के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के सदस्यों सहित सभी सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच की गई विभिन्न संचार प्रक्रियाओं की प्रगति और बांग्लादेश के विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की स्थिति पर चर्चा की गई। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# आरजी कर मामला : संदीप घोष के घर और ससुराल में ईडी का छापा

**कोलकाता ( हि.स. )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कोलकाता के बेलियाघाटा स्थित घर पर शुक्रवार सुबह छापा मारा। इसके बाद ईडी ने हुगली जिले के चंदननगर के मेरिमठ के पास स्थित एक घर पर छापा मारा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घर में संदीप घोष के ससुराल के लोग रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता, हावड़ा या दक्षिण 24 परगना ही नहीं बल्कि शुक्रवार को हुगली के कई इलाकों में भी ईडी ने तलाशी अभियान चलाया। सुबह 07 बजे के करीब ईडी टीम पहले चंदननगर के पद्दिपारा स्थित इस घर पर पहुंची। इस घर में संदीप घोष के ससुराल के लोग रहते हैं। हालांकि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और ईडी ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई दरवाजा खोलने नहीं आया। इसके बाद ईडी ने चंदननगर से बैद्यबटी का रुख किया। वहां कुनाल राय नाम के व्यक्ति के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची और वहां तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक संदीप घोष के ससुर का नाम रामकृष्ण दास है, लेकिन वह और उनके परिवार के सदस्य इस चंदननगर स्थित घर में बहुत कम आते हैं। घर के दरवाजे पर जंग लगा हुआ था और अंदर के आंगन में काई जमी हुई थी। रामकृष्ण का परिवार फिलहाल कोलकाता में रहता है और वे लोग केवल जगद्धात्री पूजा के समय इस घर में आते हैं। संदीप के ससुराल के घर के बाहर कुछ देर इंतजार करने के बाद ईडी टीम बैद्यबटी पहुंची। सुबह 09 बजे ईडी के अधिकारी बैद्यबटी के नर्सरी रोड इलाके में कुनाल राय के घर पहुंचे। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद खुद कुनाल ने दरवाजा खोला। इसके बाद करीब दो घंटे से अधिक समय तक ईडी की टीम उनके घर की तलाशी लेती रही। कुनाल एक निजी कंपनी में काम करते हैं। उनके घर पर ईडी की टीम आने से स्थानीय लोग भी हैरान थे। कुनाल के रिश्तेदार सुबीर दास ने कहा कि वे मेडिकल लाइन में काम करते थे, इससे ज्यादा उनको कुछ पता नहीं है। ईडी की टीम सबसे पहले सुबह 6:30 बजे संदीप घोष के बेलियाघाटा स्थित घर पहुंची। हालांकि, वहां भी घर का दरवाजा बंद था, जिसके बाद अधिकारियों को सीजीओ कॉम्प्लेक्स लौटना पड़ा। बाद में फिर से संदीप के घर पर छापा मारा गया। अभी भी उनके घर पर तलाशी चल रही है। घर के बाहर केंद्रीय बल के जवान तैनात किए गए हैं। हावड़ा में भी बिप्लव सिंह और कौशिक कोले के घर पर तलाशी जारी है। दक्षिण 24 परगना के सुभाषग्राम में प्रसून चटर्जी के घर पर भी ईडी का छापा जारी है। ईडी अधिकारियों के साथ केंद्रीय बल के जवान भी मौजूद हैं। सोमवार को संदीप के साथ-साथ सीबीआई ने मेडिकल उपकरणों के सप्लाई से जुड़े बिप्लव को भी गिरफ्तार किया था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक कौशिक बिप्लव के करीबी हैं और उनके कंपनी में अकाउंटेंट का काम करते थे। वहीं, प्रसून नेशनल मेडिकल कॉलेज में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में काम करते थे और उन्हें संदीप का करीबी माना जाता है। आरजी कर अस्पताल के घोटाले के बाद संदीप को वहां के प्रिंसिपल पद से हटाकर नेशनल मेडिकल कॉलेज में ट्रांसफर किया गया था, लेकिन डॉक्टरों के विरोध के चलते वह वहां ज्वाइन नहीं कर पाये थे।

# चंद्रमा पर उल्का पिंड और गर्मी की वजह से आ रहे भूकंप, आईएलएसए से मिली बड़ी जानकारी



**नई दिल्ली।** चंद्रमा पर लगातार आ रहे भूकंप की बड़ी वजह सामने आई है। इसरो ने चंद्रयान 3 के साथ भेजे गए भूकंप का पता लगाने वाले उपकरण आईएलएसए के डाटा के विश्लेषण के बाद माना है कि उल्का पिंड और गर्मी के चलते चंद्रमा पर भूकंप आ रहे हैं। साथ ही चंद्रमा पर लगातार तापमान में भी बदलाव दर्ज किया गया है। इकारस पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र के मुताबिक इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सिस्मिक एक्टिविटी (आईएलएसए) द्वारा दर्ज किए गए 190 घंटे के डाटा के बाद यह जानकारी सामने आई है। चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। आईएलएसए को चंद्रयान -3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर द्वारा चंद्रमा पर ले जाया गया था। शोध पत्र में भारतीय अंतरिक्ष के शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्रमा पर भूकंप का पता लगाने वाले आईएलएसए को दो सितंबर 2023 तक संचालित किया गया था। इसरो ने बताया कि लैंडर विक्रम के शुरुआती बिंदु से लगभग 50 सेमी दूर एक बिंदु पर जाने से पहले इसे बंद कर दिया गया था। शोधकर्ताओं ने बताया कि आईएलएसए ने चंद्रमा की सतह पर लगभग 218 घंटों तक काम किया। इसमें 190 घंटों का डाटा उनको मिला है। इस डाटा में 250 से अधिक विशिष्ट संकेतों की पहचान की गई। इसमें लगभग 200 संकेत रोवर की भौतिक गतिविधियों या विज्ञान उपकरणों के बारे में थे। जबकि 50 सिग्नल को लैंडर और रोवर की गतिविधि से जोड़ा नहीं जा सका। इन्हें असंबद्ध संकेत माना गया। शोधपत्र में लिखा गया है कि आईएलएसए ने जिन असंबद्ध संकेतों को रिकॉर्ड किया है, वह उससे कुछ दूरी पर उल्का पिंड के प्रभाव, चंद्रमा की मिट्टी के स्थानीय तापीय प्रभाव और विक्रम लैंडर के सब सिस्टम के तापीय प्रभाव के कारण हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑपरेशन के दौरान आईएलएसए ने तापमान में व्यापक बदलाव भी दर्ज किया। आईएलएसए ने माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस तक तापमान दर्ज किया। बताया गया कि चंद्र दिवस के दौरान जब सूर्य का कोण लगातार बदल रहा था तो आईएलएस को संचालित किया गया। लेखकों ने कहा कि ऑपरेशन के शुरुआती पांच घंटों के बाद तापमान कम होना शुरू हो गया। शोध पत्र में लिखा गया है कि आईएलएसए के डाटा के संभावित स्रोतों को समझने के लिए विस्तृत अध्ययन की जरूरत है।

## बाक्सा से 11,706 किग्रा गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**बाक्सा ( हिंस )।** बाक्सा से पुलिस ने 11 क्विंटल 706 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार जिले के सालबाड़ी उपमंडल पुलिस अधिकारी नीलोत्पल सैकिया के नेतृत्व में शिमलागुड़ी थाना पुलिस ने छापामारी कर बीती रात एक वाहन (एएस-15टी-5229) से 10 क्विंटल 700 किलोग्राम गांजा जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने संतोष कुमार बर्मन तथा मुकुंद नाथ नमक दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार संतोष कुमार बर्मन की निशानदेही पर उसके घर से और गांजा जब्त किया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर पुलिस ने 11 क्विंटल 706 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है।

## प्राचीन ज्ञान के भंडार का द्वार है संस्कृत : प्रो. केके शर्मा

**मेरठ ( हिंस )।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. केके शर्मा ने कहा कि संस्कृत प्राचीन ज्ञान के भंडार का द्वार है। प्राचीन काल के सभी शिलालेखों को पढ़ने के लिए संस्कृत की आवश्यकता है जिससे इतिहास की समझ विकसित होती है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 10 दिवसीय संस्कृत भाषा संवर्धन कार्यशाला शुरू हुई। जिसका शुभारंभ इतिहास विभाग के वीर बंदा बैरागी सभागार में प्रो. केके शर्मा ने किया। उन्होंने भारत के प्राचीन इतिहास में शोध करने के लिए संस्कृत की अनिवार्यता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि प्राचीन काल के सभी शिलालेखों को पढ़ने के लिए संस्कृत की आवश्यकता है।

## स्थानीय लोगों ने दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ा

**बंगाईगांव ( हिंस )।** बंगाईगांव जिले के कोकिला पुलिस चौकी अंतर्गत गोलापारा इलाके से स्थानीय लोगों ने दो चोरों को खदेड़कर पकड़ने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कुछ दिन पहले दो चोर बेसीमारी इलाके से आरसीसी के काम में व्यवहार किए जाने वाली ढलाई मशीन की लिफ्ट चोरी कर बेच दिया था। पुलिस जांच के दौरान चोरी की सामग्री बरामद कर लिया था।

## सड़क हादसे में टैंकर चालक की मौत

**शोणितपुर ( हिंस )।** जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में चकीघाट पुल के पास गुरुवार की मध्य रात्रि को तेल लेकर जा रहे टैंकर ने ईंट से लदे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में टैंकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि तेजपुर से जामुगुड़ी जा रहे तेल टैंकर ने तेजपुर में चकीघाट पुल के पास आगे जा रहे ईंट लदे ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टैंकर चालक धेमाजी निवासी बिद्युत ज्योति डेका की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**গোহাৰি**

অহা ইংৰাজী ১৪/০৯/২০২৪ তাৰিখে অসম ৰাজ্যিক আইনী সেৱা প্ৰাধিকৰণৰ সৌজন্যত ডিব্ৰুগড় জিলা ফুলবাগান স্থিত আদালত প্ৰাংগনত ডিব্ৰুগড় জিলা আইনী সেৱা প্ৰাধিকৰণে ৰাষ্ট্ৰীয় লোক আদালতৰ আয়োজন কৰিছে। এই লোক আদালতত সৰু সুৰা গোচৰ, চেক বাউন্স গোচৰ, দেৱানী গোচৰ, খোৰাকী গোচৰ, মটৰ দুৰ্ঘটনাজনিত গোচৰ আপোচ মীমাংসাৰ মাজেৰে সমাধান কৰা হ'ব। এই লোক আদালতত সমূহ ডিব্ৰুগড়বাসি ৰাইজক অংশ গ্ৰহণ কৰিবৰ বাবে ডিব্ৰুগড় জিলা আইনী সেৱা প্ৰাধিকৰণৰ সচিবে অনুৰোধ জনাইছে।

সচিব
জিলা আইনী সেৱা প্ৰাধিকৰণ
ডিব্ৰুগড়

-- Janasanyog /D/5261/24/7-Sep-24

## अंग्रेजी शराब समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के छयगांव इलाके से पुलिस की एक टीम ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि छयगांव पुलिस थाना प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के उत्तर बांकाकाटा इलाके में स्थित फारुख अली के घर के परिसर से अंग्रेजी शराब से लदा एक ट्रक (एएस-13एसी-6288) को जब्त किया गया। जिसमें अवैध तरीके से 266 कार्टून शराब की तस्करी की जा रही थी। वहीं घटना स्थल से एक वाणिज्यिक वाहन (एएस-09एसी-2322) का फर्जी नंबर प्लेट बरामद किया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने आमबारी के विष्णु मंडल नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई अंग्रेजी शराब मेघालय से लाया गई थी। जब्त कि गई अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग आठ लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पृष्ठ एक का शेष

### मणिपुर : पूर्व मुख्यमंत्री ...

आईएनए मुख्यालय से दो किमी दूर गिरा। इससे पहले दिन में इंफाल से लगभग 45 किमी दूर स्थित ट्रोंग्लाओबी के आवालसीय इलाके में एक ऊंचे स्थान से रॉकेट दागा गया था। इस घटना के कुछ दिन पहले उग्रवादियों ने इंफाल पश्चिम जिले में ड्रोन से हमला किया था। इस हमले में 23 वर्षीय एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने कांगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाकों से सेजम चिरांग के निचले इलाके में स्थित गांव पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यह स्थान कोउत्रुक से तीन किलोमीटर दूर है। यहां रविवार को इसी तरह के ड्रोन के जरिए बम हमले किए गए थे। यहां फायरिंग भी हुई थी, जिसमें दो लोग मारे गए थे और नौ घायल हो गए थे। बता दें कि मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से ही हिंसा जारी है। दरअसल, मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

### 2024 पृथ्वी का ...

अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के डेटा में दुनिया भर में गर्मी की लहरों के मौसम का पता लगाया गया है, जिसको लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण तेज हुआ है। कॉपरनिकस की उपनिदेशक सामंथा बर्गेस ने गर्मी को लेकर एक रिपोर्ट में कहा कि 2024 के पिछले तीन महीने जून से अगस्त के दौरान, रिकॉर्ड पर सबसे गर्म दिन और रिकॉर्ड पर सबसे गर्म बोरियल गर्मी का अनुभव किया है। जून और अगस्त में वैश्विक तापमान औसत से 1.5 सी के स्तर को पार कर गया, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को सीमित करने के लिए एक महत्वपूर्ण सीमा है। बता दें कि मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन ग्रह को गर्म कर रहा है, जिससे सूखा, आग और बाढ़ जैसी जलवायु आपदाओं की संभावना और तीव्रता बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक प्रवृत्ति के विपरीत, अलास्का, पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों, पाकिस्तान और उत्तरी अफ्रीका के साहेल रेगिस्तानी क्षेत्र में अगस्त में औसत तापमान से कम था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य - जहां सर्दी थी - चीन, जापान और स्पेन के कुछ हिस्सों में अगस्त में रिकॉर्ड गर्मी का अनुभव हुआ। वैश्विक स्तर पर, अगस्त 2024 उस महीने के पिछले वैश्विक तापमान रिकॉर्ड से एक साल पहले के रिकॉर्ड से मेल खाता है, जबकि यह जून पिछले की तुलना में अधिक गर्म था, जैसा कि रिपोर्ट में कोपरनिकस डेटा से पता चला है।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ...

हार्दिक बधाई। लगातार पैरालिंपिक में रिकॉर्ड-सेटिंग प्रदर्शन के साथ पदक जीतकर प्रवीण ने असाधारण निरंतरता दिखाई है। भारत को प्रवीण पर गर्व है। मैं कामना करती हूं कि वह भविष्य में भी खेल उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते रहें। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत के लिए छठा स्वर्ण। पेरिस पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रवीण कुमार को बधाई। उनकी अटूट लगन, ईमानदारी और अनुशासन सभी के लिए एक शानदार उदाहरण है। वह हमारे देश को सम्मान और गौरव दिलाते रहें। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रवीण कुमार को पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में नई ऊंचाइयों को छूने और स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई। उनके दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने हमारे देश को गौरव दिलाया है। भारत को उन पर गर्व है।

### युवाओं को विकसित भारत...

में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखा सकते हैं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ना चाहिए और अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसी प्रथाओं से सीख सके, उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके। इस दौरान पुरस्कार विजेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किए। वहीं प्रधानमंत्री ने शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षण के प्रति शिक्षकों के समर्पण और पिछले कुछ वर्षों में उनके द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय उत्साह की सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने डिब्रूगढ़ ...

आयोजित एक समारोह में इस सड़क का औपचारिक नामकरण किया। उन्होंने कहा कि एक प्रगतिशील नेता और साहसी राजनेता स्वर्गीय जयंत दत्त के नाम पर नामित इस सड़क की लंबाई 610 मीटर है। यह सड़क उत्तर में आरकेबी रोड को एटी रोड और दक्षिण में डिब्रूगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क को आवास और शहरी विकास विभाग से 25 लाख रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, शहरी विकास मंत्री अशोक सिंघल, अन्य मंत्री, कई सांसद, विधायक और असम सरकार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पेरिस पैरालंपिक : प्रवीण ...

पैरालंपिक में भारत का ये छठा स्वर्ण पदक है। भारत ने पहली बार पैरालंपिक गेम्स में छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इससे पहले भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण पदक जीते थे। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत ने 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। कुल 19 पदक के साथ भारत का पैरालंपिक गेम्स में सबसे अच्छा प्रदर्शन था। पेरिस पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने इसे पीछे छोड़ते हुए अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिया है। भारत ने अभी तक कुल 26 पदक अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें से 6 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक हैं। भारत पदक तालिका में 14वें नंबर पर आ चुका है।

### उप्र के हाथरस में ...

सीओ हिमांशु माथुर सहित पुलिस फोर्स पहुंच गए। पुलिस व फायर ब्रिगेड राहत बचाव कार्य में जुटी हुई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों के परिवारिक रिश्तेदार शान मोहम्मद ने बताया कि मैक्स आटो में सवार सभी लोग आगरा खंदौली के पास सैमरा गांव के रहने वाले हैं। आज मैक्स आटो में सवार 35 लोग हाथरस के सासनी स्थित मुकंदपुर गांव में एक रिश्तेदार के इंतकाल होने पर तेहरवीं में शामिल होने आए थे। वापस जाते समय देर शाम चंदपा के निकट रोडवेज से आटो की सीधी टक्कर हो गई। इस घटना से सैमरा गांव में मृतकों के परिजनों और गांव में मातम पसर गया है। हाथरस प्रशासन ने रोडवेज बस और मैक्स आटो की भिड़ंत में 15 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राहत कार्य कराते हुए घायलों को अस्पताल में बेहतर उपचार कराया जा रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### विश्व व देश की ...

लखनऊ प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के खाटू श्याम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आए थे। यहां उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे कार्यक्रमों के आयोजन में उनका अधिक आनंद आता है, क्योंकि बड़े आयोजनों में वे लोगों से मिल नहीं पाते। मगर जब भी कोई छोटा आयोजन होता है तो मुलाकात आसान हो जाती है। इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि बड़े आयोजनों की जगह छोटे कार्यक्रम कराए जाएं, जिससे अधिक लोगों के साथ भेंट वार्ता हो सके। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उनसे जब पूछा गया कि फिलिस्तीन-इजराइल और यूक्रेन व रूस के बीच जिस तरह की स्थिति चल रही है, उसमें क्या भारत अपने आप को किसी युद्ध के लिए तैयार मानता है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि निश्चिततौर पर भारत का उद्देश्य दुनियाभर में शांति स्थापित करने का है। मैंने अपनी सेना को यही निर्देश दे रखे हैं कि हम शांति के लिए काम करेंगे। मगर पूरी दुनिया में जिस तरह की स्थिति है, ऐसे में विश्व और भारत में शांति स्थापना को लेकर सेना को मैंने युद्ध के लिए भी तैयार रहने को कहा है। हमारी सेना किसी भी युद्ध से निपटने के लिए हमेशा तैयार है। राजनाथ सिंह पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उनके दौरे का शुक्रवार को अंतिम दिन है। लखनऊ से सांसद व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे थे। उन्होंने यहां कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। शुक्रवार को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन पूजन के बाद सिंह 11:30 बजे ऐकेडी पब्लिक स्कूल आलमबाग में आयोजित बैठक में कैंट विधानसभा के वरिष्ठजनों के साथ संवाद किया। बैठक के उपरांत एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 12:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### बीएसएफ और बीजीबी की ...

बीएसएफ के पूर्वी कमान के प्रवक्ता संजय गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि 12 अगस्त से अब तक दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच विभिन्न स्तरों पर लगभग 722 सीमा बैठकें आयोजित की गई हैं। इसके साथ ही पूर्वी कमान के क्षेत्राधिकार में संवेदनशील सीमा क्षेत्रों में दोनों बलों द्वारा 1367 समन्वित गश्त भी की गई। इन बैठकों के दौरान बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए अवगत कराया गया कि बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ न करें। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने भी इन बैठकों के दौरान आश्वासन दिया है कि वे भारतीय नागरिकों और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। दोनों सीमा सुरक्षा बलों के अधिकारी विभिन्न परिचालन मामलों पर निरंतर संपर्क में हैं और वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ बसे भारतीय गांवों के निवासियों के साथ समन्वय बैठकों का आयोजन भी किया है, ताकि उन्हें बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति से अवगत कराया जा सके और सीमा प्रबंधन में उनका सहयोग प्राप्त किया जा सके। पूर्वी कमान के क्षेत्र में पिछले 15 दिनों में कुल 614 ऐसी बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें ग्रामीणों ने बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ कई बैठकें भी आयोजित की गईं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति सामान्य रूप से शांत बनी रही है और सीमा सुरक्षा बल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की पवित्रता के साथ-साथ सीमा के पास रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीमा सुरक्षा बल के जवान समन्वित सीमा प्रबंधन योजना के तहत बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के साथ मिलकर 24 घंटे सीमा की रक्षा कर रहे हैं।

### कीनिया के बोर्डिंग ...

देने का वादा किया। राष्ट्रपति ने दिवंगत बच्चों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई। रूटो ने कहा कि यह हृदयविदारक है। राष्ट्रपति ने झुलसे बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। उन्होंने आंतरिक और समन्वय मंत्रालय को प्रभावित लोगों की सहायता के लिए संसाधन जुटाने का भी निर्देश दिया है। राष्ट्रपति ने इस भयानक घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उपराष्ट्रपति रिगाथी गचागुआ ने भी शुक्रवार को जारी बयान में 17 विद्यार्थियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और झुलसे बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने स्कूलों में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए शिक्षा मंत्रालय और अन्य एजेंसियों से सुरक्षा उपायों को लागू करने का आह्वान किया है। राहत और बचाव अधिकारी सैमसन म्वांगी मवेमा ने कहा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद फौरन मौके पर पहुंचे। करीब 2000 से ज्यादा लोगों ने राहत और बचाव कार्य में जुटकर काफी बच्चों में बच्चों को बचाया। लपटों से घिरे कमरों में कुछ बच्चे बेड के नीचे सिमटे मिले। हम उन्हें बचाने में सफल रहे। मवेमा ने कहा कि यह शिक्षण संस्थान क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में से एक है।

### अब भांग की कमाई ...

अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी कर रहे हैं, और इसमें सीपीएस सुंदर ठाकुर, न्यूरो सर्जन और भरमौर के विधायक डॉ। जनक राज, भाजपा विधायक हंसराज, और द्रंग से भाजपा के विधायक पूर्ण ठाकुर भी शामिल हैं। ये समिति भांग की खेती के अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के लिए उत्तराखंड का दौरा कर चुकी है। इसके अलावा, समिति के सदस्यों ने हिमाचल के कई क्षेत्रों का भी दौरा किया ताकि वे स्थिति का सही आकलन कर सकें। समिति की रिपोर्ट पिछले साल विधानसभा में पेश की गई थी। इस मुद्दे पर चर्चा तब शुरू हुई जब 2018 में एडवोकेट देशिंदर खन्ना ने हिमाचल हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि राज्य सरकार को भांग की खेती को कानूनी बनाने के लिए उचित निर्देश दिए जाएं। यह मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा। भांग की खेती के कई फायदे हैं और ये राज्य के लिए राजस्व का एक बड़ा सोर्स बन सकता है। कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी कहा है कि यह पहल राजस्व बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है। माना जा रहा है कि भांग की खेती को कानूनी मान्यता देने से कई फायदे होंगे। भांग से कई प्रकार की दवाइयां बनाई जाती हैं, और अगर इसकी खेती की जाती है, तो ये राजस्व का एक जरूरी सोर्स बन सकता है। इसलिए हिमाचल सरकार भांग की खेती को कानूनी मान्यता देने के लिए गंभीरता से विचार कर रही है।

### आप भगवान हैं ...

से अधिक लोग मारे गए हैं और 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। भागवत ने कहा कि लोगों में स्वधर्म की भावना व्याप्त है। हम भारत के हैं, यह भावना मजबूत होती जा रही है। मणिपुर जैसे राज्यों में आज जो अशांति हम देख रहे हैं, वह कुछ लोगों का काम है जो प्रगति के मार्ग में बाधाएं उत्पन्न करना चाहते हैं। लेकिन उनकी योजना सफल नहीं होगी। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जब 40 साल पहले स्थिति बदतर थी, तब लोग वहीं रुके, काम किया और स्थिति को बदलने में मदद की। उन्होंने कहा कि संघ के सदस्य, चाहे वे स्वयंसेवक हों या प्रचारक, वहां गए, उस क्षेत्र का हिस्सा बन गए और परिवर्तन लाने के लिए काम किया। भागवत ने कहा कि जिस भारत का सपना देखा गया है, उसे साकार करने में दो और पीढ़ियां लगेंगी। उन्होंने कहा कि इस रास्ते में हमें उन लोगों की ओर से बाधाओं का सामना करना पड़ेगा जो भारत के उत्थान से ईर्ष्या करते हैं। लेकिन हमें इन बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ना होगा।

### प्रशिक्षण केंद्र पर ...

के अनुसार बारसूर के टेमरू भाटा पारा के पास सीआरपीएफ का नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र है। इस केंद्र में सीआरपीएफ 111 बटालियन के जवान मौजूद थे। दोपहर बाद इलाके में मौसम बदला और शाम करीब 4 बजे के बीच प्रशिक्षण केंद्र पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में सीआरपीएफ 111 बटालियन के जवान महेंद्र कुमार और एस. शहुअट आलम आ गए। गंभीर रूप से झुलसे दोनों जवानों को साथियों ने फौरन मौके से निकालकर जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों जवान को मृत घोषित कर दिया। दंतेवाड़ा के एएसपी आरके बर्मन ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से ऑनड्यूटी दोनों जवानोंकी मौत हुई है। इनमें जवान महेंद्र कुमार उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले और दूसरा एस. शहुअट आलम झारखंड के रहने वाले थे। दोनों के पार्थिव शरीर को जिला अस्पताल में रखवाया गया है।

### पाकिस्तान में सैन्य ...

बलों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पांच आत्मघाती हमलावरों में से दो को मार गिराया गया। अभी भी मुठभेड़ जारी है और मुख्यालय में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घलानाई मुख्यालय मोहमंद जनजातीय जिले में स्थित है, जो पेशावर से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। इस क्षेत्र में हाल ही में जमात उल अहरार आतंकवादी समूह की गतिविधियां बढ़ गई हैं। यह समूह प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का हिस्सा है। माना जा रहा है कि इस हमले के पीछे जमात उल अहरार समूह का हाथ है।

# आईआईटी गुवाहाटी ने किया एयरबस इंडिया प्रा. लि. से समझौता

## समझौता से कौशल अंतर को दूर करके विमानन क्षेत्र में निरंतर विकास को बढ़ावा मिलेगा : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी, ( हिंस )।** वैश्विक प्रभाव वाले क्षेत्र में एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व शैक्षणिक, कौशल, अनुसंधान और विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी ने आज यहां आईआईटी गुवाहाटी के डॉ. भूपेन हजारिका मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया। उल्लेखनीय है कि आईआईटी गुवाहाटी की ओर से आईआईटी गुवाहाटी के निदेशक प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल और एयरबस की ओर से एयरबस इंडिया के उपाध्यक्ष सूरज छेत्री ने असम में एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी और लॉजिस्टिक्स हब विकास के भविष्य और नवाचार के लिए एक औपचारिक गठबंधन और साझा प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में परिवहन, उद्योग, आतिथ्य, कौशल, कृषि, लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें विस्तार की बड़ी गुंजाइश है। इसके अलावा, समझौते में प्रतिभा को बढ़ावा देने और अगली पीढ़ी के एयरोस्पेस पेशेवरों का पोषण करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता की परिकल्पना की गई है। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री




डॉ. शर्मा ने कहा कि मौजूदा कौशल अंतर को दूर करने के अलावा एमओए निरंतर विकास को प्रज्वलित करेगा और पूर्वोत्तर में विमानन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। उन्होंने सहयोग को एक मजबूत और गतिशील कार्यबल बनाने के साथ-साथ विमानन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने भविष्य को आकार देने में सभी प्रमुख हितधारकों की उनके समर्पण और दूरदर्शिता की सराहना की, जहां असम विमानन उद्योग के नवाचार और उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता तकनीकी उत्कृष्टता और वैश्विक नेतृत्व की भावना को दर्शाता है, जो तकनीकी विकास में असम की उन्नति को बनाए रखने की दिशा में बड़ा सहयोग देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में, असम ने सेमीकंडक्टर उद्योग, पेट्रोलियम रिफाइनिंग, पॉलिमर, कृषि क्षेत्र, पर्यटन, विमानन, आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवा आदि के कई क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन इस विकास प्रक्षेपवक्र को और बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल एक यात्रा है, जो आईआईटी गुवाहाटी की समग्र क्षमताओं को बढ़ाएगी और एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का समर्थन करेगी, बल्कि औद्योगीकरण और तकनीकी उन्नति की हमारी खोज में भी मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने संचार, परिवहन, व्यापार और व्यवसाय, पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, खेल, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोले हैं, जिससे पूर्वोत्तर को आसियान और बीबीएन देशों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, आसियान देशों के साथ भारत की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आर्थिक विकास की बढ़ती मांग को केवल तेजी से बढ़ते विमानन विकास के सहारे ही पूरा किया जा सकता है। क्षेत्र के कई दशक पुराने विमानन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही इस क्षेत्र में हवाई संपर्क में ठोस प्रगति देखी गई है। उड़ान योजना के तहत, प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक पहल की। क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान-2 के तहत उत्तर पूर्व के महत्वपूर्ण शहरों को लाने के लिए शुरू किए गए ऐतिहासिक कदमों ने आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाकर क्षेत्रीय हवाई संपर्क को काफी सुविधाजनक बनाया। लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाकर संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करते हुए, यह योजना बदले में पर्यटन, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी मुख्यमंत्री ने कहा। उन्होंने हाल के वर्षों में राज्य में विमानन क्षेत्र में विकसित किए जा रहे नए बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के तहत प्रस्तावित विमानन और लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में वैश्विक कौशल केंद्र, उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण देने के अलावा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उड़ान योजना पहल का भी समर्थन करेगा। इस पहल से हमारे क्षेत्र में व्यक्तियों के लिए रोजगार और कैरियर में उन्नति के अवसरों में उल्लेखनीय सुधार होगा और लॉजिस्टिक्स और विमानन दोनों क्षेत्रों में सेवा की गुणवत्ता बढ़ेगी, जिससे देश के भीतर और बाहर व्यापार के अवसरों का विस्तार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्वोत्तर और बीबीएनआई राज्यों से सालाना 2,000 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए केंद्र में शुरू किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की गतिशील श्रृंखला इस क्षेत्र में विमानन शिक्षा के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी।

# धिंग दुष्कर्म मामले के दो फरार आरोपी नगालैंड से गिरफ्तार




**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस ने धिंग सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार दो अन्य आरोपितों को शुक्रवार को नगालैंड से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों की पहचान फरीदुल इस्लाम खान और गोलापउद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस ने आज गिरफ्तार दोनों अपराधियों की तलाशी के लिए अभियान शुरू किया था। उल्लेखनीय है कि होजाई जिले के धिंग में 14 वर्षीय दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ क्रूरतापूर्वक सामूहिक दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी तफजुल इस्लाम ने 24 अगस्त को सीन री-क्रिएशन के दौरान तालाब में छलांग लगा दिया था। जिसमें उसकी मौत हो गई। इस्लाम ने जांच के दौरान पास के तालाब में कूदकर पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया था। इस्लाम को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

# चार लुटेरे हथियारों के साथ गिरफ्तार

**शिवसागर ( हिंस )।** शिवसागर में पुलिस ने चार लुटेरों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। लुटेरों की पहचान ज्योति हजारिका, दिगंत चेतिया, पुतुल बोरा और लोचन गोगोई के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि लुटेरों ने कबाड़ से लदे ट्रक का अपहरण कर लिया था। लुटेरों के पास से हथियारों के साथ ही एक ऑल्टो (एएस- 04एफ- 9100) कार जब्त किया गया है।

# टैंकर में लगी आग से बाल-बाल बचा चालक



**कोकराझाड़ ( विभास )।** जिले के रामफलबिल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर एक टैंकर लटन से भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड से चालक बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल से असम की ओर जा रहा इथेनॉल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और उसमें आग लग गई। इथेनॉल से भरा टैंकर, जिसका पंजीकरण नंबर पीबी-12 सीजेजेड-9902 था, नुमालीगढ़ रिफाइनरी की ओर जा रहा था। टैंकर का चालक राज कुमार सिंह के रूप में पहचान की गई है। हालांकि इस अग्निकांड में झुलसे चालक को पुलिस ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद टैंकर में लगी बुझाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# हाजो में प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**कामरूप ( हिंस )।** हाजो के दक्षिण शिंगरा में संदिग्ध नागरिकों के कब्जे वाली भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। कामरूप जिला प्रशासन ने आज सुबह से ही अभियान चलाया। खाली भूमि पर अवैध कब्जा कर सैकड़ों तालाब अवैध रूप से खोदे गए थे। तालाब के किनारों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण शिंगरा गांव के ग्रेजिंग रिजर्व में 153 बीघा सरकारी जमीन पर तालाबों के साथ ही अनेक मकान संदिग्ध नागरिकों द्वारा बनाए गए थे। घरों को एक तरफ से तोड़ दिया गया। कामरूप जिला प्रशासन आज सुबह अवैध कब्जा हटाने के लिए सुरक्षा बलों के साथ पहुंचा और अवैध अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया।

# सीबीएसई क्लस्टर-एक स्तरीय बालक बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के नारंगी स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में आज बहुप्रतीक्षित सीबीएसई क्लस्टर-एक स्तरीय बालक बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2024 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट का उद्देश्य विभिन्न स्कूलों के बीच खेल भावना, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। जिसमें नरंगी स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बंदना बरुवा की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर सीबीएसई गुवाहाटी, असम के क्षेत्रीय अधिकारी और मुख्य अतिथि संदीप टंडन उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. बंदना बरुवा ने *विनम्रता के साथ जीतने और गरिमा के साथ हारने* के महत्व पर जोर दिया, जिससे टूर्नामेंट के लिए सकारात्मक माहौल तैयार हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्या द्वारा मुख्य अतिथि संदीप टंडन का सम्मान किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने खेल भावना, टीम वर्क और शिक्षा के साथ खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात आर्मी पब्लिक स्कूल नरंगी की हेड गर्ल, दीक्षित अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने निष्पक्ष खेल भावना को बनाए रखने की शपथ ली। इसके बाद मार्च पास्ट का आयोजन हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागी स्कूलों के छात्रों ने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई। समारोह का समापन मुख्य अतिथि द्वारा टूर्नामेंट को औपचारिक रूप से उद्घाटन की घोषणा के साथ हुआ, जिसके साथ ही तीन दिनों तक चलने वाले रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बास्केटबॉल खेलों की शुरुआत हो गई।

# मुख्यमंत्री ने डिब्रूगढ़ में सचिवालय का किया उद्घाटन

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को डिब्रूगढ़ शहर में मुख्यमंत्री सचिवालय का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि यह राजधानी दिसपुर के बाहर इस तरह का पहला सचिवालय है। उद्घाटन करने के बाद नए सचिवालय के अपने कक्ष में बैठकर मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने इसके बाद सोशल मीडिया पर लिखा, *आज मुझे केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और मेरे अन्य सहयोगियों के साथ डिब्रूगढ़ में मुख्यमंत्री सचिवालय का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। यह सचिवालय केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि शासन को लोगों के बीच लाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।* मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊपरी असम के लोगों की समस्यायों का और



अधिक प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए हर महीने चार दिन वह डिब्रूगढ़ में प्रवास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत ऊपरी असम के नौ जिलों तिनसुकिया, डिब्रूगढ़ शिवसागर, जोरहाट, माजुली, गोलाघाट, चराईदेव, लखीमपुर और धेमाजी के लोग अब स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह बन जाने के बाद उन्हें सचिवालय के काम के लिए गुवाहाटी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# गोसाईगांव : अवैध शिकारी गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिले के गोसाईगांव से वन विभाग की टीम ने एक अवैध शिकारी को गिरफ्तार किया है। वन विभाग ने आज बताया कि राईमन राष्ट्रीय उद्यान के वन जीव की हत्या करने के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोसाईगांव दो नंबर नंदिपुर गांव के असोरसिंग बसुमतारी के रूप में की गई। गिरफ्तार आरोपी के पास से 10 किलो हिरण के मांस के अलावा हिरण का सिर बरामद किया गया है। कचुगांव सेंट्रल रेंज इलाके में घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अवैध शिकारी से सघन पूछताछ कर रही है।

# *स्वच्छता ही सेवा 2024* अभियान शुरू करेगा पूसीरे

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूरे भारत में साफ-सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के चल रहे मिशन के अनुरूप भारतीय रेल आगामी 14 सितंबर से 1 अक्टूबर तक *स्वच्छता ही सेवा 2024* अभियान चलाएगा। इस वर्ष स्वच्छता अभियान का समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस समारोह के रूप में *स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता* विषय के साथ किया जाएगा। सरकार के शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन को 10 साल हो चुके हैं। यह अभियान लोगों को उचित स्वच्छता का पालन, खुले में शौच से बचने को प्रोत्साहित और स्टेशनों एवं रेल पटरियों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू किया गया था। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने शुक्रवार को बताया है कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान गतिविधियों के तीन स्तंभों यानी स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर आधारित होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को सम्मिलित करने के लिए बनाया गया है। यह अभियान *स्वभाव स्वच्छता, संस्कार*



*स्वच्छता* के तहत स्वच्छता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों को स्वच्छता को लेकर संवेदनशील बनाने के लिए इस पखवाड़ाव्यापी अभियान के दौरान पूसीरे में प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में रेल कर्मचारियों और यात्रियों के बीच जागरुकता के लिए कार्यस्थलों, रेल पटरियों और स्टेशन परिसरों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी। विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में चिकित्सा शिविर का आयोजन, सुरक्षा पीपीई एवं चिकित्सा उपकरण प्रदान करना और स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए जागरूकता कार्यशालाएं इस मेगा अभियान का हिस्सा होंगे।

# होजाई और रंगिया में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां पूरी

**होजाई /रंगिया ( निसं )।** होजाई में गणेश उत्सव को लेकर धूम। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होजाई व्यवसायी गणपति पूजा आयोजन समिति के सौजन्य से आयोजित गणपति पूजा का आयोजन किया जा रहा है। होजाई व्यवसायी गणपति पूजा आयोजन समिति मनाने जा रही है रजत जंयती वर्ष। सन 2000 से होजाई शहर के बीचो-बीच नेताजी प्वाइंट के सम्मुख गणेश पूजा का भव्य आयोजन होता आ रहा है। हर साल विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उक्त उत्सव आयोजित किया जाता है। इस वर्ष 6 दिवसीय कार्यक्रमों के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज जल यात्रा के साथ हुआ। रजत जयंती उत्सव को देखते हुए इस बार पंडाल का स्वरूप राम मंदिर के रूप में दिया गया है। होजाई के शिवबाड़ी स्थित पुखरी से महिलाएं-पुरुष पवित्र जल घड़े में भरकर गणेश बाबा का नाम लेते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पंडाल तक पहुंची। इस दरमियान पूरे शहर में गणेश उत्सव हेतु उत्साह दिखने लगा। धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए



समिति के उपाध्यक्ष मोहन मोर सहीत चंदन देवनाथ, विनोद गुप्ता, रतन शाह, मिथुन आदि ने हमारे संवाददाता को बताया आज जल यात्रा के बाद शनिवार को गणेश चतुर्थी के दिन विधिवत पूजा अर्चना के साथ दोपहर व संध्या में आरती की जाएगी। वही छेह दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान स्मारिका का विमोचन, भजन संध्या का आयोजन जिसमें राजस्थान से प्रसिद्ध कलाकार पधारेंगे व महाप्रसाद का आयोजन होगा। साथी उन्होंने जानकारी दी कि हर साल की भांति इस बार भी स्वर्गीय विश्वनाथ मोर की स्मृति में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें इस बार 700 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया जो की प्रशंसनी है। समिति के सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं व अक्षय पुण्य के भागी बने। **रंगिया** से हमारी संवाददाता के अनुसार शहर के मध्य स्थापित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में श्री श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। आज शुक्रवार से प्रारंभ हुवे 36वे वार्षिक महोत्सव के कार्यक्रमों में रात्रि प्रतिमा स्थापन के बाद बप्पा का जन्मदिन मनाया गया। कल शनिवार की सुबह धार्मिक ध्वजारोहण मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। आयोजक समिति के सचिव सौरभ बजाज सपत्निक भावना बजाज द्वारा पुजारी गोपाल शर्मा व सहयोगी के विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ करवाया जाएगा। हवन, महाआरती, पूष्पाजंलि व प्रसाद वितरण, दोपहर नृत्य प्रतियोगिता तथा संध्या आरती व छप्पन भोग प्रसाद वितरण के बाद आमंत्रित कलाकारो द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष जितेन्द्र जाजोदिया सचिव सौरभ बजाज तथा कोषाध्यक्ष शुभम जाजोदिया से प्राप्त जानकारी में रविवार की सुबह आरती व प्रसाद वितरण के बाद लड्डू लाओ प्रतियोगिता तथा बाद गाजे बाजे से सुसज्जित गणपति बप्पा व शिव परिवार की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कि नगर परिभ्रमण कर वापस मंदिर पहूंचेगी की जानकारी मिली है। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओ सहित समाजबंधुओ से सहयोग की कामना गया किया है।

# नगांव में शक्ति संघ के तीन दिवसीय श्री विनायक चतुर्थी का शुभारंभ आज से

**नगांव ( निसं )।** शहर की अग्रणी धार्मिक संस्थाओ में एक शक्ति संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री विनायक चतुर्थी का आयोजन का शुभारंभ शनिवार से हो रहा है। समग्र भारतवर्ष में बड़े पंडालों में छोटी-बड़ी श्री गणेश जी की मूर्ति को स्थापित कर उत्सव मनाया जाता है। सभी मिलकर भादव शुक्ल की चतुर्थी के दिन भगवान श्री गणेश के जन्म दिवस को बड़े ही धूमधाम से परंपरागत रूप से मनाते है। इसी कड़ी में नगांव की अग्रणी धार्मिक संस्था शक्ति संघ विगत 26 वर्षों से श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों के साथ यह आयोजन करते आ रहा है। इस वर्ष भी शक्ति संघ अपना 27 वां श्री गणेश महोत्सव को श्री विनायक चतुर्थी के नाम से आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं भक्ति पूर्ण माहौल में मना रहे है। जिसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रथम दिन शनिवार को सुबह देवाधिदेव श्री गणपति की विधिवत पूजा अर्चना कर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा एवं लड्डू और मोदक की सवामणी चढ़ाई जाएगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात शाम को दीपों की श्रृंखला बनाकर महा आरती की जाएगी। उक्त आयोजन सांय 5:40 बजे संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे से चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शाम 6:30 बजे से भक्ति मूलक गीतों पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रथम दिन ही सांय 7 बजे से महा भंडारे का आयोजन किया संपन्न होगा। आयोजन के दूसरे दिन रविवार को सुबह श्री गणपति की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। 11:30 बजे से विद्वान पंडितों द्वारा यज्ञ,हवन एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम संपादित होगा। दोपहर 3 बजे से स्वैच्छिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता संपन्न होगी। संध्या खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसी दिन मुख्य आकर्षण के रूप में हरियाणा से आमंत्रित मोनू ढींगरा आर्ट ग्रुप द्वारा मंच पर धार्मिक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन के तिसरे दिन सोमवार को श्री गणपति की पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर 3 बजे पूजा पंडाल से विशाल शोभा यात्रा श्री गणपति विसर्जन के लिए यात्रा आरंभ होगी जिसमें हरियाणा के मोनु ढींगरा आर्ट ग्रुप द्वारा मनमोहक एवं जीवंत झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। शक्ति संघ के अध्यक्ष अजय मित्तल व सचिव महेश भजनका ने समाज बंधुओ से अधिक से अधिक मात्रा में शोभायात्रा में अंश ग्रहण करने का अनुरोध किया है। शहर के खुटिकटिया क्षेत्र में श्री विनायक चतुर्थी महोत्सव हेतु विशाल पंडाल बना कर आकर्षक सजाया गया है। इस पंडाल में श्री गणपति शुक्रवार को (आज) विराजमान हो गए है। गाजे बाजे के साथ श्री गणपति जी को विराजित कर पूजा-अर्चना की गई। शहर में अन्य स्थानों पर श्री गणेश उत्सव का उत्साह नजर आ रहा है। हैबरगांव व नगांव के श्री गणेश मंदिरो को भी सजाया गया और विधिवत पूजन आज शाम से आरंभ हो गया है।


*No. DDB-151/SOPD/2020-21/107* *Dated- 06/09/2024*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing Court Fee of Rs. 8.25 (Rupees eight & twenty five paisa) only with a validity period of 180 (One hundred eighty) days, which will subsequently to be converted and drawn up in the APWD's F-2 forms are invited from the registered contractors of Class-II and Class-I (A, B & C) category of Assam (Roads & Building) and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the following works under SOPD fund for the year 2024-25 (Grant No. 78). The tenders will be received by the undersigned up to 2:00 PM on 30/09/2024 and will be opened on the same date and place at 2:30 PM.

| Sl. No. | Name of work | Name of VCDC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of tender paper | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. OF Community Hall At Monglajhora Area | Monglajhora | 17,00,000.00 | Rs. 17,000/- (1% for ST, SC & OBC) & Rs. 34,000/- (2% for Gen) | Rs. 600/- | 3 Months |

Details NIT may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned tender papers will be issued to the contractors or their authorized agent from 07/09/2024 to 30/09/2024 in the office of the undersigned on payment of cost of tender paper in the form of demand draft/bankers cheque from any Nationalized Bank, duly pledged in favour of the Principal Secretary, BTC, Kokrajhar, payable at Kokrajhar.

Sd/- Block Development Officer,
Debitola Dev. Block, Debitola

*IPR(BTC)/C/2024-25/469*

# অসম লোকসেৱা আয়োগ
## ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION

Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.
Apply Online: https://apscrecruitment.in
Technical Support email: cceapsc@gmail.com Phone : 1800-572-23-43
*****

**ADVT. NO. 18/2024**

No. 51PSC/DR-48/4/2023-2024

**Assam Public Service Commission** invites application from Indian Citizens as defined in Articles 5 to 8 of the onstitution of India for the under-mentioned posts under Assam Government in the scale of pay as indicated below and carrying sual allowances as admissible under Rules of the Govt. of Assam.

**(FOR THE POSTS OF LECTURER IN INSTITUTE OF ADVANCED STUDIES IN EDUCATION (I.A.S.E.) AND COLLEGE OF TEACHER EDUCATION (C.T.E.) UNDER THE DIRECTORATE OF SCERT, ASSAM)**

**(A) NAME OF THE POST : LECTURER, IASE.**
**NO OF POSTS : 2 (Two)**
**SCALE OF PAY :** Pay scale + Grade Pay + Other allowances as admissible to the Assam State Government employees from time to time (per month),

| Payscale | Grade Pay | Pay Band |
|---|---|---|
| Rs. 30,000/- to 1,10,000/- | Rs. 13,300/- | Pay Band - 4 |

**AGE:**
The candidates should not be less than 21 years of age and not more than 38 years of age as on **01/01/2024.** The upper age limit is relaxable :
(i) By 5 years for SC/ST candidates, i.e. upto 43 years.
(ii) By 3 years for OBC/MOBC candidates i.e. upto 41 years as per Govt. Notification No. ABP. 6/2016/9 dated Dispur the 25th April 2018.
(iii) Persons with benchmark disability (PWBD) 10 years irrespective of SC/ST/OBC and UR Category of candidates as per Govt. Memorandum No. ABP 180/2017/105 dated Dispur the 7th January, 2019.

The age limit of the candidates will be calculated on the basis of the **Class-X/Class-XII Examination Admit Card/Pass Certificate/Marksheet** issued by a recognized Central/State Board/Council **where Age/Date of Birth (DOB) is clearly reflected.**
No other document shall be accepted in lieu of the above mentioned documents for age proof.
(Upload relevant documents)

**FOR PwBD CATEGORY CANDIDATES :**
To be eligible for consideration under PwBD category, a candidate **must possess Benchmark Disability** and must **produce supporting necessary PwBD certificate issued by competent authority** along with the application form.

**(Upload relevant documents)**

**N.B : Since there is no post reserved for PwBD candidates, they will have to compete with other candidates without any PwBD reservation.**

**DISTRIBUTION OF POSTS FOR LECTURER, IASE: -**

**(1) PHYSICAL SCIENCE : 1 (One) post**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

*** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW - Reserved for Women.**
*** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.**

**Essential Qualification :**
(i) Master's Degree in Physics with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TE|
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(iii) Ph.D. in Education from any recognized University.
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned.)**

**(2) GEOGRAPHY : 1 (One) post**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW—- Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Geography with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(B) NAME OF THE POST : LECTURER, CTE**
**NO OF POSTS : 17 (Seventeen)**
**SCALE OF PAY :** Pay scale + Grade Pay + Other allowances as admissible to the Assam State Government employees from time to time (per month),

| Payscale | Grade Pay | Pay Band |
|---|---|---|
| Rs. 30,000/- to 1,10,000/- | Rs. 13,300/- | Pay Band - 4 |

**AGE:**
The candidates should not be less than 21 years of age and not more than 38 years of age as on **01/01/2024.** The upper age limit is relaxable :
(i) By 5 years for SC/ST candidates, i.e. upto 43 years.
(ii) By 3 years for OBC/MOBC candidates i.e. upto 41 years as per Govt. Notification No. ABP. 6/2016/9 dated Dispur the 25th April 2018.
(iii) Persons with benchmark disability (PWBD) 10 years irrespective of SC/ST/OBC and UR Category of candidates as per Govt. Memorandum No. ABP 180/2017/105 dated Dispur the 7th January, 2019.

The age limit of the candidates will be calculated on the basis of the **Class-X/Class-XII Examination Admit Card/Pass Certificate/Marksheet** issued by a recognized Central/State Board/Council **where Age/Date of Birth (DOB) is clearly reflected.**
No other document shall be accepted in lieu of the above mentioned documents for age proof.

**FOR PwBD CATEGORY CANDIDATES :**
To be eligible for consideration under PwBD category, a candidate **must possess Benchmark Disability** and **must produce supporting necessary PwBD certificate issued by competent authority** along with the application form.

**(Upload relevant documents)**

**DISTRIBUTION OF POSTS FOR LECTURER, CTE : -**

**(1) ENGLISH : 2 (Two) post**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

***PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW—- Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in English/ELT with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(2) MATHEMATICS : 3 (Three) post**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW—- Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Mathematics with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(3) ASSAMESE : 1 (One) post**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Assamese with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(4) GEOGRAPHY : 4 (Four) posts**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 1 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Geography with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(5) EDUCATION : 2 (Two) posts**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Education with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(6) SCIENCE : 1 (One) posts**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Physics/Chemistry/Botany/Zoology/Life Science/Bio Science with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University
(iii) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.
**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**
(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI
(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose
(ii) Ph.D. in Education from any recognized University
**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(7) SOCIAL SCIENCE : 2 (Two) posts**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***
**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**
(i) Master's Degree in Geography/Histroy/Political Science/Economics/Sociology with minimum 55% marks or

***Contd. Page-5***

# भजनलाल सरकार ने किए 108 आईएएस अधिकारियों के तबादले, जयपुर सहित 13 जिलों में नए कलेक्टर

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए गुरुवार रात 108 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इनमें कई बड़े पदों पर आमूलचूल बदलाव किया गया है। वहीं 20 आईएएस अधिकारियों को उनके विभाग के अतिरिक्त भी अन्य विभागों का चार्ज दिया गया है। कई अधिकारियों को पदस्थापन की प्रतीक्षा में भी रखा गया है। भजनलाल सरकार की इस प्रशासनिक सर्जरी में सीनियर से लेकर जूनियर आईएएस अधिकारी शामिल हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार आईएएस रवि जैन को शासन सचिव पर्यटन विभाग, डॉ. समित शर्मा को शासन सचिव पशुपालन मत्स्य एवं गोपालन, रवि कुमार सुरपुर को शासन सचिव वित्त (राजस्व) विभाग, आरुषि मलिक को शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डॉ. जोगाराम को शासन सचिव सामान्य प्रशासन मंत्रिमंडल सचिवालय, पी. रमेश को शासन सचिव देवस्थान विभाग और आरती डोगरा को अध्यक्ष डिस्कॉम्स जयपुर एवं प्रबंध निदेशक जेवीवीएनएल लगाया गया है। इसी तरह से आनंदी को आयुक्त जेडीए जयपुर, शुचि त्यागी को शासन सचिव परिवहन विभाग, राजन विशाल को शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी एवं पंचायती राज, अर्चना सिंह को शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, महेंद्र सोनी को शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग, विजयपाल सिंह को आयुक्त पर्यटन विभाग और शैली किशनानी को अतिरिक्त महानिदेशक एचसीएम रीपा का जिम्मा सौंपा गया है। इनके अलावा सुषमा अरोड़ा को प्रबंध निदेशक आरटीडीसी, रश्मि गुप्ता को संभागीय आयुक्त जयपुर, कुमार पाल गौतम को निदेशक एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव स्थानीय निकाय, घनेंद्र भान चतुर्वेदी को सचिव राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग, प्रकाश राजपुरोहित आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग, डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को जिला कलेक्टर जयपुर, इंद्रजीत सिंह प्रबंध निदेशक रीको और कन्हैयालाल स्वामी को विशिष्ट शासन सचिव गृह विभाग लगाया गया है। आईएएस शुभ्रा सिंह को अध्यक्ष राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, श्रेया गुहा को अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग, भास्कर ए सावंत को प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल, अश्विनी भगत को प्रमुख शासन सचिव अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग, राजेश कुमार यादव को प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, हेमंत कुमार गेरा को अध्यक्ष, राजस्व मंडल और गायत्री ए राठौड़ को प्रमुख शासन सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं पंचायती राज विभाग लगाया गया है। इसी तरह आईएएस वैभव गालरिया को प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, टी. रविकांत को प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग, सुबीर कुमार को प्रमुख शासन सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, भवानी सिंह देथा को सदस्य राजस्व मंडल अजमेर, विकास सीतारामजी भाले अध्यक्ष राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर, मंजू राजपाल को शासन सचिव एवं पंजीयक सहकारिता विभाग, नवीन जैन को शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग, डॉ. कृष्णकांत पाठक को शासन सचिव कार्मिक विभाग, भानूप्रकाश एटूरू को शासन सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग और डॉ. नीरज कुमार पवन को शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग लगाया गया है।

## भारत ने रिहा किए 14 पाकिस्तानी नागरिक अटारी सीमा से भेजे गए पाकिस्तान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** केंद्र सरकार ने पंजाब समेत देश की अन्य जेलों में बंद पाकिस्तान के 14 कैदियों को सजा पूरी करने के बाद शुक्रवार को रिहा कर दिया। इन पाकिस्तानी नागरिकों को अटारी-बाघा सीमा पर पाकिस्तान भेजने के लिए सीमा के रेंजरों के हवाले कर दिया गया। इससे पहले बीएसएफ के अधिकारियों ने इनकी जांच की और फिर पाक रेंजरों से अपने नागरिकों की शिनाख्त की। भारत सरकार के फैसले के बाद विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच सभी कैदियों को बाघा बार्डर पर भेजा। जहां पहले से ही उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। इन कैदियों में से आठ कैदी गुजरात जेल से और छह कैदी अमृतसर जेल से रिहा हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से छोड़े गए 14 पाकिस्तानी कैदियों में से चार कैदियों को 15 साल पहले हेरोइन और पिस्टल बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। रिहा पाकिस्तानी नागरिक अल्लाह बसाया मसीह ने बताया कि वो कसूर जिले का रहने वाला है। 15 साल पहले वह और उसके चार अन्य साथी बॉर्डर पर दो किलो हेरोइन और पिस्टल के साथ पकड़े गए थे। इस पर उसे 15 साल की सजा हुई थी। उसने बताया कि वो शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। भारत-पाक सीमा पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण मालवी के मुताबिक कैदियों में फिशरमैन और सिविल कैदी भी शामिल हैं। अमृतसर के कैदियों को पंजाब पुलिस लेकर आई है। उन्होंने बताया कि 14 में से 8 सिविल हैं और 6 फिशरमैन हैं। वहीं, इनमें से दो नाबालिग भी हैं।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने देवराज के परिवार से की मुलाकात



**उदयपुर ( हिंस )।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी अपनी दो दिवसीय उदयपुर यात्रा के तहत शुक्रवार सुबह दिवंगत छात्र देवराज मोची के घर पहुंचीं। उपमुख्यमंत्री ने उदयपुर के खेरादीवाड़ा स्थित स्व. देवराज के घर पर पहुंच दिवंगत की तस्वीर पर पुष्पांजलि की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत छात्र के परिवारजन को ढांढ़स बंधाया और कहा कि राज्य सरकार आपके साथ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत छात्र के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 8 लाख रुपए की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई और जिला कलक्टर को निर्देश दिए कि परिजनों को सरकार की तरफ से हरसंभव राहत उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उपमहापौर पारस सिंघवी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह राठौड़, समाजसेवी प्रमोद सामर, रवीन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, गजपालसिंह, पार्षद शिल्पा पामेचा आदि भी मौजूद रहे।

## जनता तीसरी बार भी भाजपा के विकास कार्यों पर जीत दिलाएगी : कंवर पाल

**यमुनानगर ( हिंस )।** कृषि मंत्री भाजपा प्रत्याशी कंवरपाल गुर्जर ने जनसंपर्क अभियान के तहत जगाधरी शहर में विभिन्न स्थानों पर संवाद किया। उन्होंने आगामी 5 अक्टूबर को मतदान दिवस के दिन एक-एक कीमती वोट देकर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की अपील की। कृषि मंत्री ने कहा कि हल्का जगाधरी के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाकर हमने यह सुनिश्चित किया है कि हरियाणा का हर क्षेत्र प्रगति की राह पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि आगामी 5 सालों में भी जनता को और भी महत्वपूर्ण विकास कार्य देखने को मिलेंगे।

## सुख शांति, समृद्धि के लिए श्री आदि गणेश मंदिर में दो दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ शुरू

**बीकानेर ( हिंस )।** दाऊजी रोड स्थित श्रीआदि गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर दो दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुरू हो गया। विश्व कल्याणार्थ व राज्य में सुख शांति, समृद्धि के लिए किए जा रहे इस पंचकुंडीय महायज्ञ में पंडित राजेन्द्र किराडू के आचार्यत्व में 21 वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचारण के साथ आहूतियां दी जा रही है। आयोजन से जुड़े मदनगोपाल व्यास ने बताया कि प्रातः 8 बजे प्रारंभ हुए यज्ञ में यजमान नंदन जोशी, मुकुल व्यास, मदन पुरोहित, मनोज श्रीमाली, हरि शंकर श्रीमाली ने सपत्नीक आहूतियां दीं। दिनभर चले इस महायज्ञ में 1008 मंत्रोचारण के साथ आहूतियां दी गई। व्यास ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन प्रातः 4 बजे गजानंद के दूध, दही,



घी, शहद, चीनी, पंचामृत, केशर, मानसरोवर से लाए जल से अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक पं. विजय श्रीमाली, सुनील व्यास व जितेन्द्र श्रीमाली मंत्रोंच्चारण के साथ संपन्न कराएंगे। इसके बाद विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव आरती की जाएगी, जिसमें गणपति के 3101 किलो का प्रसाद व 1151 किलो के फलों का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद यज्ञ की पूर्णाहूति में श्रद्धालु आहूतियां देंगे। सायंकाल जागरण का आयोजन होगा। इसमें राजेन्द्र व्यास, अशोक बांठिया, मनोज बिस्सा, सोमदत पुरोहित, रामसा व्यास, कैलाश पारीक सहित अनेक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर को विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया है।

## 12.5 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**जयपुर ( हिंस )।** जेडीए द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 12.5 बीघा भूमि पर बसाई जा रही 3 नवीन अवैध कॉलोनियां का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 में स्थित रोड नंबर 7 के पास निवारू रोड पर करीब 1.5 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर *मिलन विहार* के नाम से, ग्राम सबरामपुरा कालवाड़ रोड के पास करीब 3 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर *प्रेम नगर* के नाम से और ग्राम कालवाड़ मंडा रोड पर करीब 8 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर *ईश्वर नगर विस्तार* के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, मकानों की बाउंड्रीवाल, पिल्लर सहित अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

## चंडीगढ़ में चल रहा पंजाब के किसानों का धरना खत्म, सरकार को 30 सितंबर तक अल्टीमेटम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** चंडीगढ़ के सेक्टर-34 में चल रहा किसानों का धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया। किसानों ने पंजाब सरकार को 30 सितंबर तक उनकी मांगों पर अधिसूचना जारी करने तथा कृषि पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी करने का समय दिया है। इसके बाद किसानों ने फिर से धरना शुरू करने का ऐलान किया है। इससे पहले गुरुवार की रात किसानों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच ढाई घंटे तक चली बैठक में किसानों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद फैसला लिया गया कि सरकार 30 सितंबर तक किसानों के साथ नई कृषि नीति का ड्राफ्ट साझा करेगी। इसके अलावा कर्ज में राहत के लिए सरकार वन टाइम सेलटमेंट (ओटीएस) स्कीम लेकर आएगी। इसके साथ ही सरकार किसानों पर दर्ज केस वापस लेने के लिए तैयार हो गई है। बैठक में किसानों व मजदूरों से संबंधित कुल 70 मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि किसानों के साथ अच्छे माहौल में बैठक हुई और उम्मीद है कि वे अपना आंदोलन वापस ने लेंगे। किसानों पर दर्ज केस वापस लेने पर भी सहमति बन गई है। जिन केसों पर कानूनी राय की जरूरत है, उन्हें एडवोकेट जनरल (एजी) के पास भेजा जाएगा। कृषि नीति के ड्राफ्ट में जो मुद्दे शामिल करने से रह गए हैं, उनको किसानों के सुझावों के बाद शामिल किया जाएगा। इसके बाद नीति को लेकर दोबारा किसानों के साथ बैठक बुलाई जाएगी और इसे लागू किया जाएगा।

## राहुल गांधी के अलगाववादी बयान पर हिंदू महासभा नाराज, हजरतगंज कोतवाली में की शिकायत



**लखनऊ ( हिंस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कश्मीर में एक जनसभा के दौरान वहां के एलजी को *राजा* बताने और वहां की संपत्ति छीनकर *बाहरियों* को देने के बयान को असंवैधानिक बताते हुए शुक्रवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने हजरतगंज कोतवाली में प्रदर्शन किया। महासभा ने प्रार्थना पत्र देकर राहुल गांधी पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी सहित काफी संख्या पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले दोपहर बाद कोतवाली के बाहर जुटे कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ऋषि त्रिवेदी ने राहुल गांधी के बयान को पूरी तरह राष्ट्रविरोधी बताया। प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि भारत में विघटनकारी शक्तियां तेजी से प्रबल हो रही हैं, जिनकी अगुवाई राहुल गांधी और आइएनडी गठबंधन के अन्य राजनीतिक दल कर रहे हैं। राहुल को अपने ही देश के भारतीय *बाहरी* नजर आते हैं। यानी अभी भी ऐ कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग नहीं मानते हैं। इस तरह का बयान राजद्रोह की श्रेणी में आता है। शिशिर ने कहा कि अभी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर राहुल गांधी पर एफआइआर करने की मांग की गई है। 15 दिनों के भीतर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू महासभा आंदोलन करेगी। जिसके क्रम में शहर के हर मुख्य चौराहे पर राहुल गांधी के पुतले को टांगकर फांसी दी जाएगी। इसके अलावा कोर्ट में भी याचिका दायर कर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। राहुल गांधी ने कश्मीर में एक जनसभा के दौरान कहा था कि सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई। हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वह राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर *बाहर के लोगों* को दे रहा है।

## उपचुनाव में बीजेपी जीती रंग लाई उपमेयर राजेंद्र पंवार की मेहनत

**बीकानेर ( हिंस )।** वार्ड तीन में हुए नगर निगम उप चुनाव का आज परिणाम आ गया है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नंद किशोर गहलोत निर्वाचित घोषित किए गए हैं। गहलोत ने कांग्रेस के नंदलाल को 902 मतों से पराजित कर दिया है। चुनाव की खास बात यह रही कि इस चुनाव में उपमेयर राजेंद्र पंवार की मेहनत दांव पर लगी थी जो रंग लायी है। मुख्य चुनाव में नंद किशोर गहलोत निर्दलीय राजेश कच्छावा से 307 मतों से पराजित हो गए थे। कच्छावा के निधन के बाद अब फिर से यहां पर उप चुनाव हुए है। इसमें नंद किशोर ने कांग्रेस के नंदलाल गहलोत को हराया है। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी नंदराम गहलोत को 848 मत मिले है, जबकि बीजेपी के नंद किशोर गहलोत को 1750 मत मिले है। जीत के बाद नंद किशोर पार्टी के संभागीय कार्यालय पहुंचे और पार्टी के कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

## हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुए हैं : मुख्यमंत्री

**पटना ( हिंस )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को 188 करोड़ की लागत की नवनिर्मित आईजीआईएमएस परिसर में बने आखों के अस्पताल का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुए हैं। जब वर्ष 2005 में हमलोग सरकार में आए तो उस समय स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुए हैं। जब वर्ष 2005 में हमलोग सरकार में आए तो उस समय स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब थी, सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी थी। अस्पतालों में दवा एवं अन्य सुविधाएं भी नहीं थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तो इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन 1 या 2 मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा देने की शुरुआत की



गयी, जिसे शुभारंभ के लिए तत्कालीन उप-राष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत जी पटना आये थे। साथ ही डॉक्टरों की बहाली की गई और अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई गई और मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं एम्बुलेंस की सुविधा दी गई। अब सुविधाएं काफी अच्छी हो गई है जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर महीने औसतन 11 हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, इसकी कमी के कारण यहां के छात्र मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई करने राज्य के बाहर जाया करते थे और डॉक्टर की कमी होने के कारण यहां के लोग इलाज के लिए भी राज्य के बाहर जाते थे इसलिए सरकार ने राज्य में नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कराया जिससे अब मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इसके अतिरिक्त 15 और नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। 8 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण में केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। इसके अलावे 9 जिलों में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाने का प्रस्ताव है। पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को 5,462 बेड की क्षमता वाले आधुनिक विश्वस्तरीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बेड की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इसके अतिरिक्त नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पटना, दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, दरभंगा, श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर तथा अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया को भी 2500 बेड के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में पटना में एम्स के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई।


equivalent grade from any recognized University

(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University

(ili) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.

**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**

(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI

(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose

(ii) Ph.D. in Education from any recognized University

**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**(8) HISTORY : 2 (Two) posts**

| Open Category | | Reserved for OBC/MOBC | | Reserved for SC | | Reserved for ST (P) | | Reserved for ST (H) | | Grant Total | | Post reserved for PwBD & Type of Disability |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | Total | RFW | |
| 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 |

**** PwBD - Persons with Benchmark Disabilities; RFW— Reserved for Women.***

**** Reservation as per draft advertisement received from Government against total numbers of posts in the cadre.***

**Essential Qualification:**

(i) Master's Degree in History with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University

(ii) M.Ed. with minimum 55% marks or equivalent grade from any recognized University

(ili) NET/SLET from UGC or Ph.D. in Education or in the concerned subject from any recognized University.

**(Upload relevant all semester/year mark sheet reflecting the subjects and the final pass certificate)**

**Experience/ Preference:**

(i) Atleast 3 years experience of teaching in Secondary School/TEI

(ii) Proficiency in the use of ICT for educational purpose

(ii) Ph.D. in Education from any recognized University

**(Upload relevant documents/certificates reflecting the subjects as mentioned)**

**BEFORE FILLING UP THE APPLICATION FORM, CANDIDATES MUST NOTE THAT THE REQUIRED CERTIFICATES RELATING TO AGE, CASTE AND MINIMUM EDUCATIONAL QUALIFICATION WILL BE FETCHED FROM THE OTR PROFILE. CANDIDATES ARE TO UPDATE THE OTR PROFILE IF ANY ADDITIONAL DOCUMENTS ARE TO BE UPLOADED IN SUPPORT OF THE ADVERTISED POST.**

**(C) Eligibility Criteria :-**

The candidate must be an Indian Citizen as defined in Article 5 to 8 of the Constitution of India and a permanent resident of Assam.

As a domicile proof of the candidate, he/she must upload a copy of the valid Permanent Resident Certificate issued in Assam for educational purpose/Employment Exchange Registration Certificate.

(Upload necessary documents)

**(D) For Government Employees of the state of Assam:**

Candidates, already in regular Government service, whether in permanent or temporary capacity other than casual/ad-hoc/daily wages/hourly paid/contract basis, in order to prove their employment, must upload a certificate against the applied post, issued by the competent authority under which he/she is working.

However, candidates, seeking pay protection, continuation in service etc., must upload **'NO OBJECTION CERTIFICATE (NOC)'** against the applied post, issued by the competent authority under which he/she is working.

**(Upload relevant documents)**

**(E) The Small Family Norms :-**

As per Govt.notification No. ABP.69/2019/17, dated Dispur, the 6th November/2019, candidate have to submit a declaration regarding "The Small Family Norms" in Form - A at the time of applying for the post.

**(Upload necessary documents)**

The advertisement has been issued as **per Government Notification eCF No210471/723 dated 29th Dec., 2023.**

➤ **(i) STARTING DATE FOR ONLINE APPLICATION : - 10/09/2024**

**(ii) CLOSING DATE FOR ONLINE APPLICATION :- 09/10/2024**

**(iii) LAST DATE FOR PAYMENT OF APPLICATION FEE: - 11/10/2024**

**NB: For detail advertisement please visit APSC's official website www.apsc.nic.in (Recruitment Advertisement link) .**

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

***-- Janasanyog /D/5243/24/7-Sep-24***

संपादकीय

# कर्नाटक में अनोखा राजनीतिक संकट

**यहां** तक कि यह कहने के जोखिम पर भी कि यह व्यक्तिपरक बकवास या लंबे समय से चली आ रही चूक हो सकती है, कोई यह तर्क देने के लिए बाध्य महसूस करता है कि हाल के महीनों में कर्नाटक में एक खास तरह की निराशा, एक खास तरह का अंधेरा छाया हुआ है। इसका सूरज की चमक कम होने से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि शब्दों के भयानक पतन से है जिसे हम देख रहे हैं। आम नागरिक को हाल के दिनों में एक खास तरह की हिंसक भाषा का सामना करना पड़ा है। इसने मूड को खराब कर दिया है। अगर यह राजनीतिक रूप से गलत वाक्यांश नहीं है, तो कोई यह कह सकता है कि राजनेताओं के बीच अचानक से शुरू हुए कई 'गैंग वॉर' उस चतुराईपूर्ण संयम को बिगाड़ने की धमकी देते हैं जिसे राजनीति ने अब तक बनाया था। हर कोई दूसरे को खत्म करने की होड़ में है। राजनेता आमतौर पर यह सुनिश्चित करने के लिए सामान्यता की भावना पैदा करते हैं कि उनके लेन-देन निर्बाध रूप से चलते रहें। एक नियम है जिसके आगे वे एक-दूसरे को परेशान नहीं करते। लेकिन जब वह नियम टूट जाता है, जब वे खुद उस सावधानी से संतुलित सामान्यता को बिगाड़ते हैं, तो हम जानते हैं कि कुछ गंभीर चल रहा है। अगर कोई शेक्सपियर को इस स्थिति में बुलाए तो वह कहेगा, ₹डेनमार्क राज्य में कुछ गड़बड़ है।₹यहाँ जो तर्क दिया जा रहा है उसे समझने के लिए, हमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के बीच नियमित अंतराल पर होने वाली बहस को सुनना होगा। हर दूसरे दिन, वे एक-दूसरे पर मुकदमा चलाने और दूसरे को जेल भेजने की धमकी देते हैं। वे एक-दूसरे के दावों को खारिज करने के लिए अपनी पिछली बेवफाई का हवाला देते हैं। वे दोनों स्थानीय टेलीविजन चैनलों के जाल में फंस जाते हैं, जो माइक्रोफोनों का एक खेडा है, जिसकी समाचार निर्माण की मुख्य तकनीक गाली-गलौज प्रसारित करना और कच्ची प्रतिक्रिया का पीछा करना है। इसी तरह, जब उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और कुमारस्वामी के बीच युद्ध छिड़ जाता है, तो शब्द निर्देशित मिसाइलों की तरह व्यवहार करते हैं, और ऐसा अक्सर होता है। आखिरकार, उनके पास अतिव्यापी राजनीतिक और जातिगत क्षेत्र हैं जिनकी रक्षा करनी है।

आम नागरिक को हाल के दिनों में एक खास तरह की हिंसक भाषा का सामना करना पड़ा है। इसने मूड को खराब कर दिया है। अगर यह राजनीतिक रूप से गलत वाक्यांश नहीं है, तो कोई यह कह सकता है कि राजनेताओं के बीच अचानक से शुरू हुए कई 'गैंग वॉर' उस चतुराईपूर्ण संयम को बिगाड़ने की धमकी देते हैं जिसे राजनीति ने अब तक बनाया था। हर कोई दूसरे को खत्म करने की होड़ में है। राजनेता आमतौर पर यह सुनिश्चित करने के लिए सामान्यता की भावना पैदा करते हैं कि उनके लेन-देन निर्बाध रूप से चलते रहें। एक नियम है जिसके आगे वे एक-दूसरे को परेशान नहीं करते। लेकिन जब वह नियम टूट जाता है, जब वे खुद उस सावधानी से संतुलित सामान्यता को बिगाड़ते हैं, तो हम जानते हैं कि कुछ गंभीर चल रहा है। अगर कोई शेक्सपियर को इस स्थिति में बुलाए तो वह कहेगा, ₹डेनमार्क राज्य में कुछ गड़बड़ है।₹यहाँ जो तर्क दिया जा रहा है उसे समझने के लिए, हमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के बीच नियमित अंतराल पर होने वाली बहस को सुनना होगा।

माताएँ, पिता और परिवार उनके झगड़े में फंस जाते हैं। फिर, कुमारस्वामी के कुछ बिछड़े हुए मित्र और सहयोगी हैं, जो अब कांग्रेस में सिद्धारमैया गुट बनाते हैं, जिनका एकमात्र काम उन्हें भड़काना है। उनके बीच होने वाली बातचीत में कई तरह के इशारों की बौछार होती है। इसमें पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा भी पीछे नहीं हैं। उनके खिलाफ पिछले और मौजूदा आरोपों, जिसमें POCSO मामला भी शामिल है, को अक्सर उनकी जुबान बंद करने के लिए उछाला जाता है। लेकिन उनके पास उन सभी आरोपों का सामना करने का एक तरीका है, जो उनके सामने आते हैं। या यह बेशर्मी है? क्या यह प्रतिद्वंद्वी प्रशासन और राजनेताओं के साथ उनके कथित मधुर सौदों के आत्मविश्वास से उपजा है? यह आरोप अब उनके बेटे, कर्नाटक में भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के करियर को खतरे में डाल रहा है। पिता और पुत्र पर लगातार 'समायोजन' का आरोप लगाने वाले लोग प्रेस मीट में अपनी ही पार्टी के लोग हैं। भगवा पार्टी के एक और पूर्व सीएम ने उनके खिलाफ खबरों को रोकने के लिए निषेधाज्ञा ले ली है। उनका डर क्या हो सकता है, इसकी कल्पना करना मुश्किल नहीं है। कर्नाटक कांग्रेस के अंदर सत्ता की खींचतान, जिसमें नेतृत्व परिवर्तन की गंध आ रही है, हवा के झोंकों को और तेज कर रही है। सिद्धारमैया की जगह लेने के लिए शिवकुमार अंधेरे में इंतजार कर रहे हैं। लेकिन चूंकि उनकी कमजोरियां बहुत ज्यादा हैं, इसलिए दूसरे लोग चुपके से कुर्सी पर कब्जा करना चाहते हैं। सिंहासन के इस खेल पर मीडिया की अटकलें कई मौसमों से चल रही हैं।

### चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे।

**जम्मू** एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं



है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।

यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।

चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।" इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा।

इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है।

दृष्टि कोण

# आत्मा के उन्नयन एवं उत्कर्ष महापर्व-पर्युषण

**जैनों** का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है पयुर्षण पर्व। यह पर्व ग्रंथियों को खोलने की सीख देता है। इस आध्यात्मिक पर्व के दौरान कोशिश यह की जाती है कि जैन कहलाने वाला हर व्यक्ति अपने जीवन को इतना मांज ले कि वर्ष भर की जो भी ज्ञात-अज्ञात त्रुटियां हुई हैं, आत्मा पर किसी तरह का मैल चढ़ा है वह सब धुल जाए। संस्कारों को सुदृढ़ बनाने और अपसंस्कारों को तिलांजलि देने का यह अपूर्व अवसर है। इस पर्व में श्वेताम्बर परम्परा में आठ दिन एवं दिगम्बर परम्परा में दस दिन इतने महत्वपूर्ण हैं कि इनमें व्यक्ति स्वयं के द्वारा स्वयं को देखने का प्रयत्न करता है। ये दिन नैतिकता और चरित्र की चौकसी का काम करते हैं और व्यक्ति को प्रेरित करते हैं वे भौतिक और सांसारिक जीवन जीते हुए भी आध्यात्मिकता को जीवन का हिस्सा बनाएं।

आत्मोत्थान तथा आत्मा को उत्कर्ष की ओर ले जाने वाले इस महापर्व की आयोजना प्रतिवर्ष चातुर्मास के दौरान भाद्रव मास के शुक्ल पक्ष में की जाती है। इस महापर्व में निरंतर धर्माराधना करने का प्रावधान है। इन दिनों जैन श्वेतांबर मतावलंबी पर्युषण पर्व के रूप में आठ दिनों तक ध्यान, स्वाध्याय, जप, तप, सामायिक, उपवास, क्षमा आदि विविध प्रयोगों द्वारा आत्म-मंथन करते हैं। दिगंबर मतावलंबी दशलक्षण पर्व के रूप में दस दिनों तक इस उत्सव की आराधना करते हैं। क्षमा, मुक्ति, आर्जव, मार्दव, लाघव, सत्य, संयम, तप, त्याग तथा ब्रह्मचर्य इन दस धर्मों के द्वारा अंतर्मुखी बनने का प्रयास करते हैं। जो आदमी के जीवन की सारी गंदगी को अपनी क्षमा आदि दस धर्मरूपी तरंगों के द्वारा बाहर करता है और जीवन को शीतल एवं साफ-सुथरा बनाता है। जब दो वस्तुएं आपस में टकराती हैं, तब प्रायः आग पैदा होती है। ऐसा ही आदमी के जीवन में भी घटित होता है। जब व्यक्तियों में आपस में किन्हीं कारणों से टकराहट पैदा होती है, तो प्रायः क्रोधरूपी अग्नि भभक उठती है और यह अग्नि न जाने कितने व्यक्तियों एवं वस्तुओं को अपनी चपेट में लेकर जला, झुलसा देती है। इस क्रोध पर विजय प्राप्त करने का श्रेष्ठतम उपाय क्षमा-धारण करना ही है। पर्युषण पर्व का प्रथम 'उत्तम क्षमा' नामक दिन, इसी कला को समझने, सीखने एवं जीवन में उतारने का दिन होता है। इसी तरह अहंकार आदमी के अंतःकरण में उठते हैं। इसी अहंकार के कारण आदमी पद और प्रतिष्ठा की अंधी दौड़ में शामिल हो जाता है, जो उसे अत्यंत गहरे गर्त में धकेलती है। पर्युषण पर्व का द्वितीय 'उत्तम मार्दव' नामक दिवस, इसी अहंकार पर विजय प्राप्त करने की कला को समझने एवं सीखने का होता है। जैन मनीषियों ने कहा है कि सुख और शांति कहीं बाहर नहीं, अपने अंदर ही हैं और अपने घर में प्रवेश पाने के लिए वक्रता या टेड़ेपन को छोड़ना परम अनिवार्य है, जैसे सर्प बाहर तो टेड़ा-मेड़ा चलता है, पर बिल में प्रवेश करते समय सीधा-सरल हो जाता है, वैसे ही हमें भी अपने घर में आने के लिए सरल होना पड़ेगा। सरल बनने की ही कला सिखाता है 'उत्तम आर्जव धर्म।' हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूपी पांचों पापों के वशीभूत होकर प्राणी दिन-रात न्याय और अन्याय को भूलकर धन आदि के संग्रह में सत्य को धारण करने वाला हमेशा अपराजित, सम्माननीय एवं श्रद्धेय होता है। दुनिया का सारा वैभव उसके चरण चूमता है। यह सब 'उत्तम सत्य धर्म' की ही महिमा है। जैसे किसी भी वाहन को मंजिल तक सही-सलामत पहुंचाने के लिए नियंत्रण की आवश्यकता होती है, वैसे ही कल्याण के पथ पर चलने वाले प्रत्येक पथिक के लिए संयम की परम आवश्यकता होती है। इंद्रिय एवं मन को जो सुख-इष्ट होता है, वह वैषयिक सुख कहलाता है। जो मीठे जहर की तरह सेवन करते समय तो अच्छा लगता है, पर उसका परिणाम दुःख के रूप में ही होता है। ऐसे दुःखदायक वैषयिक सुख से 'उत्तम संयम धर्म' ही बचाता है। अज्ञानता एवं लोभ-लिप्सा के कारण जीव, धन, संपत्ति आदि को ग्रहण करता है। ये ही पदार्थ दुःख, अशांति को बढ़ाने का कारण बनते हैं। ऐसे पर पदार्थों को छोड़ना ही 'उत्तम त्याग धर्म' कहलाता है। जब कोई साधक क्रोध, मान, माया, लोभ एवं पर पदार्थों का त्याग आदि करते हैं और इनसे जब उनका किंचित भी संबंध नहीं रहता तो उनकी यह अवस्था स्वाभाविक अवस्था कहलाती है। इसे ही 'उत्तम आकिंचन्य धर्म' कहा गया है। पर-पदार्थों से संबंध टूट जाने से जीव का अपनी आत्मा जिसे ब्रह्म कहा जाता है में ही रमण होने लगता है। इसे ही 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म' कहा जाता है। ये ही धर्म के दस लक्षण हैं, जो पर्युषण पर्व के रूप में आकर न केवल जैनों को, अपितु समूचे प्राणी-जगत को सुख-शांति का संदेश देते हैं। पर्युषण की आराधना के इन दिनों में व्यक्ति अपने आपको शोधन एवं आत्मचिंतन के द्वारा वर्षभर के क्रिया-कलापों का प्रतिक्रमण प्रतिलेखन करता है। विगत वर्ष में हुई भूलों को भूलकर चित्तशुद्धि का उपाय करता है। सभी व्यक्ति एक दूसरे से क्षमा का आदान-प्रदान करते हैं, जिससे मनोमालिन्य दूर होता है और सहजता, सरलता, कोमलता, सहिष्णुता के भाव विकसित होते हैं। पर्युषण पर्व एवं दसलक्षण पर्व के आयोजनों के साथ मुख्य रूप से तप और मंत्र साधना को जोड़ा गया है। संयम, सादगी, सहिष्णुता, अहिंसा, हृदय की पवित्रता से हर व्यक्ति अपने को जुड़ा हुआ पाता है और यही वे दिन हैं जब व्यक्ति घर और मंदिर दोनों में एक सा हो जाता है।

कुछ अलग

# मुफ्त की राजनीति का हश्र

**धीरे-धीरे** पंजाब व हिमाचल सरकारों के मुखियाओं को अहसास होने लगा है कि वित्तीय संकट दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। लगातार बढ़ते राजस्व घाटे व बड़ी होती देनदारियों से सत्ता में बैठे राजनेताओं को बखूबी पता चल रहा है कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये मुफ्त का जो चंदन घिसा जा रहा था, वह राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किल आ रही है। गाल बजाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने वाले राजनेता तनख्वाह व पेंशन की तारीख आगे बढ़ाकर दावा कर रहे हैं कि इससे राज्य को आर्थिक बचत होने वाली है। संवेदनहीन राजनेताओं को इस बात का अहसास नहीं है कि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई समय पर चुकानी होती है। जिसको लेकर बैंक कोई रहम नहीं दिखाते हैं। राजनेताओं के आय के तमाम वैध-अवैध स्रोत होते हैं, कर्मचारी तो इकलौती तनख्वाह के भरोसे जीवन-यापन करता है। बहरहाल, चुनाव से पूर्व मुफ्त प्रलोभनों की तमाम घोषणाएं करने वाले राजनेताओं को अहसास हो चला है कि राज्य के खजाने में उनकी राजनीतिक विलासिता का बोझ ढोने का दमखम नहीं बचा है। विभिन्न दलों की शाहखर्ची ने राज्यों की आर्थिकी की हालत पहले ही पस्त कर रखी है। राजनेताओं ने कभी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक आप सरकारों ने तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसकी आर्थिकी कभी नहीं संभल पाती। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। जाहिरा बात है कि मुफ्त में कुछ नहीं मिलता। मुफ्त की राजनीति के चलते इन महकमों के विस्तार व विकास पर ब्रेक लग जाता है। बहरहाल, पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर की ओर इशारा करती है। बीते वित्तीय वर्ष की आर्थिक बदहाली को दर्शाती कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में चला जा रहा है। यह भी चिंताजनक है कि राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद यदि राजनेता शाहखर्ची से बाज नहीं आते और मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखते हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ेगी बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली की तस्वीर ही उकेरता है। अभी भी वक्त है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें।

देश दुनीया से

# अंतरिक्ष मलबे का उचित प्रबंधन आज की आवश्यकता !

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने इस पर अपनी गहन चिंता व्यक्त की है, जैसा कि अंतरिक्ष में घूम रहा यह मलबा न केवल उपग्रहों की कक्षा में बल्कि हमारे वातावरण के लिये भी बहुत खतरनाक हो सकते हैं। यदि कोई बड़ा टुकड़ा पूरी तरह से नष्ट हुए बिना हमारे वायुमंडल में प्रवेश कर जाए तो यह पृथ्वी को( यहां पर उपस्थित जीवों, प्राणियों, वनस्पतियों तक को) भारी क्षति पहुँचा सकता है। एक जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष मलबा 17,500 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा करता है और 1 सेमी से बड़े मलबे की वस्तुओं की आबादी लगभग 1 मिलियन है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि पृथ्वी के घने वायुमंडल से पुनः प्रवेश के दौरान होने वाली भीषण गर्मी के कारण मलबे की एक बड़ी मात्रा जल जाती है, लेकिन जो अवशेष बच जाते हैं, वे महासागरों और दुनिया के अन्य कम आबादी वाले क्षेत्रों में गिर जाते हैं, लेकिन अंतरिक्ष मलबे का खतरा तब भी कहीं न कहीं बरबकार रहता है।

**बढ़ती** प्रौद्योगिकी, उन्नत संचार व्यवस्था, विज्ञान और विकास के इस युग में अंतरिक्ष में उपग्रहों के लगातार स्थापित होने से अंतरिक्ष में मलबे में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने इस पर अपनी गहन चिंता व्यक्त की है, जैसा कि अंतरिक्ष में घूम रहा यह मलबा न केवल उपग्रहों की कक्षा में बल्कि हमारे वातावरण के लिये भी बहुत खतरनाक हो सकते हैं। यदि कोई बड़ा टुकड़ा पूरी तरह से नष्ट हुए बिना हमारे वायुमंडल में प्रवेश कर जाए तो यह पृथ्वी को( यहां पर उपस्थित जीवों, प्राणियों, वनस्पतियों तक को) भारी क्षति पहुँचा सकता है। एक जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष मलबा 17,500 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा करता है और 1 सेमी से बड़े मलबे की वस्तुओं की आबादी लगभग 1 मिलियन है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि पृथ्वी के घने वायुमंडल से पुनः प्रवेश के दौरान होने वाली भीषण गर्मी के कारण मलबे की एक बड़ी मात्रा जल जाती है, लेकिन जो अवशेष बच जाते हैं, वे महासागरों और दुनिया के अन्य कम आबादी वाले क्षेत्रों में गिर जाते हैं, लेकिन अंतरिक्ष मलबे का खतरा तब भी कहीं न कहीं बरबकार रहता है। दरअसल, हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू भारत के चंद्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष मलबे पर चिंता जताई है। दरअसल, आज विभिन्न देशों द्वारा अनेकानेक अंतरिक्ष अभियान लांच किए जा रहे हैं, जैसा कि विकसित और विकासशील देशों में अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने समझने की एक बड़ी होड़ लगी है। आज अंतरिक्ष में मलबे के अनेक टुकड़े घूम रहे हैं और कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में अत्यधिक तीव्र गति से घूमने वाले ये टुकड़े अन्य अंतरिक्ष संपत्तियों और कार्यात्मक उपग्रहों के लिये खतरा माने जाते हैं। ऐसा अनुमान है कि पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित पिंड 17,500 से 18,000 मील प्रति घंटे (7 से 8 किमी/सेकेंड) की गति से यात्रा करते हैं।लगभग 10 सेमी या उससे अधिक व्यास वाली वस्तुओं से होने वाला प्रभाव टीएनटी के विस्फोट के बराबर हो सकता है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष मलबे के 100 ट्रिलियन से ज्यादा टुकड़े हैं, जिनका पता नहीं लगाया जा सका है।साइंस जर्नल में प्रकाशित ' पृथ्वी की कक्षा की रक्षा करें: उच्च समुद्र की गलतियों से बचें' शीर्षक वाले अध्ययन से यह चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। हालांकि, वर्ष 2030 तक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों को मलबा मुक्त बनाने का लक्ष्य तय करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सराहना भी की है, लेकिन अंतरिक्ष में बढ़ रहा मलबा कहीं न कहीं धरती के सभी जीवों, मनुष्यों के लिए एक खतरा बनकर उभर रहा है। आज अमेरिका, चीन, रूस और भारत समेत अनेक देशों का अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में तैर रहा है। यदि हम यहां केवल भारत की ही बात करें तो एक आंकड़े के अनुसार भारत के पास 103 सक्रिय या निष्क्रिय अंतरिक्ष यान एवं 114 अंतरिक्ष मलबे की वस्तुएं हैं। इस प्रकार, भारत के कुल 217 अंतरिक्ष पिंड पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। अब यहां प्रश्न यह है कि आखिर अंतरिक्ष मलबा है क्या ? तो इस संबंध में बताना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा, पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली उन कृत्रिम सामग्रियों को कहते है, जो वर्तमान में कार्यात्मक स्थिति( फंक्शनल स्टेटस ) में नहीं हैं। इसे अंतरिक्ष कबाड़ या कक्षीय मलबा या स्पेस जंक भी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश अंतरिक्ष मलबें निम्न पृथ्वी कक्षा में पाए जाते हैं। मानव द्वारा पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए उपग्रह निष्क्रिय स्थिति में छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित होकर पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाते रहते हैं। नासा के अनुसार, निम्न पृथ्वी कक्षा में 15,700 मील प्रति घंटे की गति से 27,000 से अधिक मलबे के टुकड़े चक्कर लगा रहे हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मुक्त अवस्था में अंतरिक्ष मलबा परिचालन एवं संचार उपग्रहों के लिये खतरा उत्पन्न कर सकता है। यहां तक कि इसके टकराने से उपग्रह निष्क्रिय हो सकते हैं। पाठकों को यह जानकारी हासिल करके आश्चर्य होगा कि छोटे से छोटे मलबे के टुकड़े (मिलीमीटर आकार के मलबे) से होने वाली टक्कर भी उपग्रहों को नष्ट कर सकती है। इसे 'केसलर सिंड्रोम' के रूप में जाना जाता है। अच्छी बात यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरणीय खतरों से भारतीय अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये 'इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट' को लॉन्च किया गया है। इसरो द्वारा इस संबंध में अनेक अनुसंधान गतिविधियां शुरू की गई हैं, जो हमारे लिए एक सुखद संकेत है। हमारे यहां बेंगलुरु में एक समर्पित अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता नियंत्रण केंद्र भी स्थापित किया गया है।

आप का नजरीया

# बाढ़ की मार

**राज्य** में बारिश ने भाजपा विधायकों, खासकर वडोदरा में, के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। शहर बाढ़ से तबाह हो गया है। लोगों से मिलने गए भाजपा विधायकों को कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, क्योंकि लोगों ने उन पर चिल्लाना शुरू कर दिया और उन्हें वापस जाने पर मजबूर होना पड़ा। संस्कार नगरी में बाढ़ मानव निर्मित है और विश्वामित्री के विकास के वादों के बावजूद सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। यहां तक कि ऋषिकेश पटेल, जगदीश विश्वकर्मा और हर्ष संघवी जैसे वरिष्ठ मंत्रियों का भी स्वागत 'वापस जाओ' के नारों से किया गया। सोशल मीडिया पर भाजपा को गालियां देने की बाढ़ आ गई। एक वरिष्ठ पूर्व विधायक ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा, 'ऐसा तो होना ही था। ये विधायक केवल चुनाव के समय ही लोगों के पास जाते हैं। लोगों का नाराज होना लाजिमी है।' जाहिर है गुजरात में भाजपा का बहुप्रचारित 'सदस्यता अभियान' भी



बाढ़ में लगभग 'बह' गया है। पार्टी नेता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभियान को बाद में चलाने के पक्ष में हैं। भाजपा सदस्यों को डर है कि अन्य स्थानों पर भी उन्हें लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। अपर्णा, प्रियंका पर कृपा बरसी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कृपा बरसी और महिला आयोग में अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव को उपाध्यक्ष पद मिला। प्रतीक यादव मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी साधना यादव के बेटे हैं। करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए अपर्णा यादव की नियुक्ति अखिलेश और समाजवादी पार्टी की परेशानी बढ़ा सकती है। करहल सीट से अखिलेश यादव २०२२ में विधायक चुने गए थे। कन्नौज से २०२४ के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी है। योगी ने महिला आयोग में प्रियंका गांधी की करीबी रहीं प्रियंका मौर्या को भी जगह दी है। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के वैंâपेन 'लड़की हूं मैं, लड़ सकती हूं' में प्रियंका मौर्या पोस्टर गर्ल थीं। बाद में उन्होंने कांग्रेस से किनारा कर भाजपा का झंडा-डंडा थाम लिया था। उप्र महिला आयोग में कुल २४ सदस्य हैं। अपर्णा २०२० में भाजपा में शामिल हुई थीं। अपर्णा की गौशाला का योगी कई बार दौरा कर चुके हैं। महिला अधिकारों और अन्य मुद्दों पर अपर्णा यादव पूरी मुखरता से बोलती हैं। उपचुनावों से पहले अपर्णा यादव को जिम्मेदारी देने का साफ अर्थ है कि भाजपा उन्हें समाजवादी पार्टी के खिलाफ सियासी जंग में अग्रिम पंक्ति में रखने वाली है।



# बांग्लादेश में ईश निंदा के आरोप में हिन्दू युवक को भीड़ ने अधमरा किया

**ढाका।**

**बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दू समुदाय पर जुल्म-ओ-सितम का एक और दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है।**

देश के खुलना में पगलाई भीड़ ने ईश निंदा के आरोप में एक हिन्दू युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में मुल्क की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल है।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गुस्साई भीड़ का शिकार बना 18 वर्षीय उत्शोब मंडल मेडिकल छात्र है। कथित तौर पर उसने फेसबुक पर पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। यह घटना बुधवार रात करीब 11:45 बजे की है। इसके बाद मस्जिद के लाउडस्पीकर से उसकी मौत की घोषणा की गई। पुलिस ने अगली सुबह कहा कि उत्शोब जीवित है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उस स्थान का खुलासा करने से इनकार कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, उत्शोब मंडल ने सोशल मीडिया पर पैगंबर के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी। यह पता चलने पर रात लगभग आठ बजे कुछ छात्र उसे पकड़ कर सोनाडांगा में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) मोहम्मद तजुल इस्लाम के कार्यालय ले गए। इसके बाद पुलिस उपायुक्त कार्यालय के बाहर भीड़ जमा हो गई। भीड़ मांग करने लगी कि मंडल को उनके हवाले किया जाए। कुछ देर बाद भीड़ कार्यालय में घुस गई और उत्शोब को दबोच कर पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडाः अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार के लिए चुनौतियों भरा होगा संसद सत्र, नये सहयोगी की तलाश या इस्तीफा देकर नये चुनाव का ऐलान कर सकते हैं ट्रूडो



**ओटावा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार अल्पमत में आ गई है। खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के सरकार से समर्थन वापस लेने की वजह से ट्रूडो राजनीतिक बंवडर में फंस गए हैं। उन्हें सरकार बचाए रखने के लिए अब दूसरे सहयोगियों की जरूरत है। विपक्षी दलों ने समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है। कनाडा में अगले साल अक्टूबर में चुनाव होने हैं। कनाडा की संसद में ट्रूडो की पार्टी के पास 130 सीटें हैं। बहुमत के लिए उन्हें नौ और सीटों की जरूरत है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के पास 119 सीटें हैं। इसके अलावा एनडीपी के पास 24 और क्यूबेक पार्टी के पास 32 सीटें हैं। एनडीपी ने ट्रूडो सरकार से समर्थन वापस ले लिया है तो उन्हें अब क्यूबेक पार्टी से समर्थन की दरकार होगी। कनाडा में इस महीने के आखिर में संसद का सत्र शुरू होना है। जस्टिन ट्रूडो सरकार को बजट पास कराने के लिए हाउस ऑफ कॉमंस में अन्य दलों का समर्थन हासिल करना होगा। अगर अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार के खिलाफ कंजरवेटिव पार्टी अविश्वास प्रस्ताव लाती है तो बहुमत साबित करने के लिए किसी और दल से समर्थन की जरूरत होगी। इसलिए ट्रूडो की कोशिश होगी कि वह सत्र शुरू होने से पहले क्यूबेक पार्टी का समर्थन हासिल करें। राजनीतिक प्रेक्षक मानते हैं कि क्यूबिक पार्टी से समर्थन न मिलने पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इस्तीफा देकर समय से पहले चुनाव कराने की घोषणा कर सकते हैं। कनाडा के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम से न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) प्रमुख जगमीत सिंह सुर्खियों में आ गए हैं। पंजाब के बरनाला जिले के ढीकरिवाल गांव में जन्मे जगमीत सिंह का परिवार 1993 से कनाडा में रह रहा है। जगमीत सिंह की पार्टी एनडीपी 2021 से जस्टिन ट्रूडो की सरकार की सहयोगी रही है। इसके लिए ट्रूडो और जगमीत के बीच हुए समझौते को सप्लाई एंड कॉन्फिडेंस के नाम से जाना जाता है। यह समझौता संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की सूरत में सरकार को बचाने के लिए किया गया था। तब यह तय किया गया था कि इसके बदले में लिबरल पार्टी संसद में एनडीपी की प्रमुख प्राथमिकताओं का समर्थन करेगी। इन प्राथमिकताओं में कम आय वाले परिवारों के लिए लाभ, नेशनल फार्माकेयर प्रोग्राम और हड़ताल के दौरान दूसरे वर्कर्स के इस्तेमाल को रोकने वाले कानून की बात थी। पिछले महीने कनाडा में दो सबसे बड़े रेलवे ने अपना काम बंद कर दिया। इसके बाद ट्रूडो की कैबिनेट ने इंडस्ट्रियल बोल्ट को बाध्यकारी मध्यस्थता लागू करने का निर्देश दिया। इस वजह से ही एनडीपी ने अपनी प्राथमिकताओं पर नए सिरे से विचार करना शुरू कर दिया। सवाल यह है कि आखिर ट्रूडो के पास क्या विकल्प बचे हैं। इस पर कनाडा की राजनीति पर नजर रखने वाले प्रेक्षक कहते हैं कि अब ट्रूडो के पास यह ही विकल्प बचा है कि वह अपने पद से इस्तीफा दें और देश में जल्दी चुनाव कराएं।

### बांग्लादेश के पूर्व जहाजरानी मंत्री शाहजहां खान गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी और उनकी पार्टी अवामी लीग के प्रमुख नेता शाहजहां खान को राजधानी के एक इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। प्रोथोम अलो के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के संयुक्त आयुक्त (उत्तर) रबीउल हुसैन ने शाहजहां खान की गिरफ्तारी की पुष्टि की। हुसैन ने कहा कि उन्हें गुरुवार रात राजधानी के धनमंडी इलाके से गिरफ्तार किया गया। मदारीपुर-2 निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक ने जहाजरानी मंत्री के रूप में भी काम किया। वह बांग्लादेश वर्कर्स फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह 1986 में मदारीपुर-2 निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में सांसद चुने गए। वह 1991, 1996, 2001, 2008, 2014, 2018 और 2024 में अवामी लीग के टिकट पर चुनाव जीते।

# नेपाल एयरपोर्ट पर तीन मुख्य कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हुआ था सौर्य एयरलाइंस का विमान



**जांच समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी**

**काठमांडू।**

काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 24 जुलाई को सौर्य एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच रिपोर्ट का खुलासा हुआ है। जांच समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में दुर्घटना के पीछे तीन संभावित कारण बताए गए हैं। इनमें कार्गो में बैगेज के लोड का बैलेंस उड़ान नियमों के मुताबिक न होने, विमान की टेक ऑफ गति का संतुलन नहीं होने और टेक ऑफ के दौरान नियमों की अनदेखी किये जाने को दुर्घटना का कारण बताया गया है।

काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरने के कुछ सेकेंड के बाद ही सौर्य एयरलाइंस का विमान 24 जुलाई को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के नियमित सी चेक के लिए पोखरा जा रहे विमान में सवार एक पायलट के अलावा एयरलाइंस कंपनी के 18 कर्मचारियो की मौत हो गई थी। सरकार ने इस दुर्घटना की जांच के लिए नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के पूर्व महानिदेशक रतीश चंद्र लाल के संयोजकत्व में एक समिति गठित की थी।

इस समिति ने सरकार को सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट में इस दुर्घटना के पीछे तीन संभावित कारण बताए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पहला कारण जहाज के लोड पर ध्यान ना देना है। लाल ने बताया कि जांच में पाया गया है कि जहाज में बैठे यात्री और उसके कार्गो में रहे बैगेज के लोड का बैलेंस उड़ान नियमों के मुताबिक नहीं था।

जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया है कि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और विमान उड़ाने वाली एयरलाइंस कंपनियों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि विमान की उड़ान से पहले विमान के लोड की अनिवार्य चेकिंग हो।

दुर्घटना के दूसरे संभावित कारण में जहाज के लोड के मुताबिक विमान की टेक ऑफ गति का संतुलन नहीं होना बताया गया है। लाल ने बताया कि दुर्घटना के दिन सौर्य एयरलाइंस के लोड के अनुसार जहाज की गति को मेंटेन न किया जाना दुर्घटना का कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाज के लोड के मुताबिक रनवे पर उसकी स्पीड बैलेंस नहीं दिखी। लोड बैलेंस नहीं होने के कारण पार्किंग से एप्रॉन होते हुए टैक्सी वे और रन वे तक पहुंचने की गति सीमा ठीक नहीं होने की बात कही गई है। इस दुर्घटना के तीसरे कारण में उड़ान के सभी नियमों का पालन न करने और टेक ऑफ के दौरान नियमों की अनदेखी बताई गई है। विमान के लोड के मुताबिक ही विमान की गति को सीमित रखना चाहिए था लेकिन दुर्घटनाग्रस्त विमान की टेक ऑफ स्पीड और उसके मुताबिक रोटेटिंग एंगल नहीं मिलने को भी दुर्घटना का एक कारण बताया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि फ्लाइट रिकार्डिंग डेटा के मुताबिक सौर्य एयरलाइंस का दुर्घटनाग्रस्त विमान टेक ऑफ के पहले 5 सेकेंड में 50 फीट की ऊंचाई पर था तो 10 सेकेंड में 100 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया था। काठमांडू एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी और विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा के मुताबिक सिर्फ 29 सेकेंड में ही विमान डिस बेलेंस होकर नीचे गिर गया। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सिर्फ 21 सेकेंड में ही पायलट ने फ्लाइट को रोटेट किया था और 29वें सेकेंड में फ्लाइट क्रैश हो गया था।

# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल : मणिपुरी फिल्म की बूंग ने रचा इतिहास




**10 दिवसीय फिल्म महोत्सव में 270 से अधिक फिल्में और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएंगी**

**टोरंटो।**

टोरंटो के 49वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में तीन भारतीय फिल्मों का प्रीमियर हुआ। 10 दिवसीय फिल्म महोत्सव में 270 से अधिक फिल्में और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की मेगालोपोलिस, डेविड ग्रीन की बेन स्टिलर-स्टारर नटक्रैकर्स, एल्टन जॉन की नेवर टू लेट और पामेला एंडरसन-स्टारर द लास्ट शोगर्ल शामिल हैं।

लक्ष्मीप्रिया देवी की पहली मणिपुरी फिल्म बूंग, महोत्सव के इस संस्करण में प्रीमियर होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई। यह फिल्म एक युवा लड़के बूंग की कहानी है, जो अपने लापता पिता की तलाश में सभी मुश्किलों को पार करता है। पिता जो जीवन के लिए बेहतर संभावनाओं के चलते बाहर गया था लेकिन बाद में उसने अपनी पत्नी और बेटे के साथ बातचीत करना बंद कर दिया था।

कहानी का अधिकांश हिस्सा बर्मी सीमा पर मोरेह शहर के इर्द-गिर्द शूट हुआ है। एक नए निर्देशक के रूप में, लक्ष्मीप्रिया ने उत्तर-पूर्व में बाहरी लोगों के बारे में तनाव को उजागर करने के लिए कुछ किस्सों को कुशलता से बुना है। टोरंटो के 49वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गुरुवार को पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट का भी प्रीमियर हुआ। इसकी कहानी के केंद्र में सपनों के शहर मुंबई में दो नर्सें हैं। कानी कुसरुति और अनु (दिव्य प्रभा) न केवल अस्पताल में सहकर्मी हैं, बल्कि रूममेट भी हैं। एक अपने पति के साथ विदेश चली गई और दूसरी दूसरे धर्म के लड़के के साथ रिलेशनशिप में है। उनके जीवन के भावनात्मक उतार-चढ़ाव इस फिल्म की कहानी को रेखांकित करते हैं। भीड़भाड़ वाले रेलवे प्लेटफार्मों, ट्रेनों और बाजारों के साथ, कपाड़िया की फिल्म शहरी डेवलपर्स की हृदयहीनता को भी उजागर करती है क्योंकि दो नर्सों के एक लैब अस्टिटेंट सहयोगी को उसके घर से बेदखल कर दिया जाता है। वो तीनों अच्छे दोस्त बन जाते हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का पुत्र हंटर टैक्स केस में दोषी करार



**लॉस एंजिल्स।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर बाइडेन ने टैक्स संबंधी नौ आरोपों को यहां अदालत के सामने गुरुवार को स्वीकार कर लिया। 54 वर्षीय हंटर ने बचाव पक्ष की मेज पर बैठे हुए धीमी और भरभराई हुई आवाज में नौ अलग-अलग आरोपों को कुबूल किया। न्यायाधीश मार्क सी. स्कार्सी ने प्रत्येक आरोप की स्वीकारोक्ति पर नौ बार दोषी शब्द दुहराया। हंटर की सजा पर दिसंबर के मध्य में सुनवाई होगी। तक वह बॉन्ड पर मुक्त रहेंगे।

हंटर को जून में डेलावेयर में आग्नेयास्त्र आवेदन पर झूठ बोलने का दोषी ठहराए जाने के बाद अब उन्हें 25 साल की संभावित सजा के अलावा अधिकतम 17 साल तक की जेल की सजा या 1.3 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना का सामना करना पड़ सकता है। हंटर के खिलाफ पांच साल चली जटिल जांच में कहा गया था कि उन्होंने आकर्षक विदेशी परामर्श अनुबंधों में अपने उपनाम का लाभ उठाकर और करों का भुगतान नहीं किया।

हंटर बाइडेन ने कहा है, मेरे सामने केवल एक ही रास्ता बचा था। मैं अपने परिवार को और अधिक पीड़ा, निजता के हनन और अनावश्यक शर्मिंदगी का सामना नहीं करने दूं। इतने वर्षों में मैंने उन्हें बहुत दर्द दिया है। इसलिए मैंने अपना दोष स्वीकार करने का निर्णय लिया।

# अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में खूनखराबा करने वाले किशोर का पिता गिरफ्तार

**अटलांटा।**

**अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में बुधवार को खूनखराबा करने वाले 14 वर्षीय आरोपित छात्र के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित छात्र की गोलीबारी में चार लोगों की मौत से पूरा देश हिल गया है। इस गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए।**




रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्जिया ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (जीबीआई) के निदेशक क्रिस होसी ने गुरुवार रात संवाददाता सम्मेलन में आरोपित छात्र के पिता कॉलिन ग्रे को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। होसी ने कहा कि ग्रे पर आरोप सीधे तौर पर उनके बेटे के कार्यों और उसे हथियार रखने की अनुमति देने से जुड़े हैं। 54 वर्षीय कॉलिन ग्रे पर गैर इरादतन हत्या के चार मामलों और बच्चों के प्रति क्रूरता के आठ मामलों का भी आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि कॉलिन ग्रे पर सबसे गंभीर आरोप जानबूझकर अपने बेटे को हथियार रखने की अनुमति देने का है।

# पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में सुनाया फैसला, भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव बहाल

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आमराय से आज राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव को बहाल कर दिया। शीर्ष अदालत का यह फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में आया है। इन कानूनों में बदलाव से प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सहित कई बड़े नेताओं को फायदा हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने संघीय सरकार और अन्य पक्षों की अंतर-अदालती अपीलों पर सुनवाई के बाद छह जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने आज उस फैसले को सुनाया। मुल्क की सबसे बड़ी अदालत के फैसले से साफ है कि उसने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के कानूनों में संशोधन को निरस्त करने वाले 15 सितंबर, 2023 के अपने फैसले को पलटते हुए संघीय सरकार एवं अन्य प्रभावित पक्षों की दायर अंतर-अदालती अपीलों को स्वीकार कर लिया। शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने मई 2023 में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के कानूनों में संशोधन किया था। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने इस कानून की आलोचना की थी क्योंकि इसके कारण आसिफ अली जरदारी, शहबाज शरीफ और उनके भाई नवाज शरीफ जैसे नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले वापस ले लिए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इन संशोधनों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में इन बदलावों को रद्द कर दिया था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से इस फैसले पर दोबारा पुनर्विचार का आग्रह किया था। तब दोबारा सुनवाई हुई और शीर्ष अदालत ने छह जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसने अपील के पक्ष में आज आमराय से फैसला सुनाया और उन संशोधनों को बहाल कर दिया जिन्हें पहले असंवैधानिक घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीश संसद के द्वारपाल नहीं हो सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब भी संभव हो, उच्चतम न्यायालय को संसद के बनाए गए कानून को बरकरार रखने का प्रयास करना चाहिए। सुनवाई के दौरान इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल से वीडियो लिंक के जरिए अदालत के समक्ष पेश हुए।



# सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार सोना-चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।**

घरेलू सर्राफा बाजार में पूरी तरह से सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआहै। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में कल यानी गुरुवार के भाव पर ही कारोबार हो रहा है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण 24 कैरेट सोना 72,900 रुपये से लेकर 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,830 रुपये से लेकर 66,6800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी गुरुवार के रेट यानी 84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,830 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,730 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अमेजन इंडिया का निर्यात इस साल 13 अरब डॉलर के पार होगा : कंपनी अधिकारी




**नई दिल्ली ।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन का निर्यात कार्यक्रम अमेजन ग्लोबल सेलिंग वर्ष 2024 के आखिर तक भारत से होने वाले कुल ई-कॉमर्स निर्यात में 13 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर जाएगा। अमेजन इंडिया के एक वैश्विक कारोबारी ने कहा कि कंपनी वर्ष 2025 तक अपने 20 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में निर्यात कार्यक्रम की शुरुआत होने के बाद से दुनिया भर के ग्राहकों को 40 करोड़ से अधिक भारत-निर्मित उत्पाद बेचे जा चुके हैं। उन्होंने अमेजन की वार्षिक निर्यात रिपोर्ट के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जब हमने शुरुआत की थी, तो हमने 2025 तक छोटे एवं मझोले कारोबारों से होने वाले कुल निर्यात में 10 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा था। साल 2020 में हमने इस लक्ष्य को दोगुना कर 20 अरब डॉलर कर दिया। हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 2024 के अंत तक हम 13 अरब डॉलर का निर्यात कर चुके होंगे। उन्होंने कहा कि अमेजन को आठ अरब डॉलर (2015-2023) का निर्यात हासिल करने में लगभग आठ साल लगे और सिर्फ एक साल (2023-2024) में ही यह बढ़कर 13 अरब डॉलर होने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 महीनों में अमेजन के विक्रेता कार्यक्रम ने लगभग 50,000 नए विक्रेताओं को जोड़ा है और विक्रेताओं की कुल संख्या 1.50 लाख हो गई है। उन्होंने कहा इन विक्रेताओं ने दुनिया भर के ग्राहकों को कुल मिलाकर 40 करोड़ से अधिक भारत-निर्मित उत्पाद बेचे हैं ।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली ।** देश में शुक्रवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। तेल कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.86 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.04 डॉलर की गिरावट के साथ 72.65 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

### एमपीसी के नए बाहरी सदस्यों की नियुक्ति समय पर होने की संभावना: दास



**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि संभावना जताई जा रही है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के नए बाहरी सदस्यों की नियुक्ति समय पर हो जाएगी। यहां वार्षिक फिबैक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से दास ने कहा कि एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर से शुरू हो रही है। यह तभी हो सकती है जब सभी सदस्य मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों की नियुक्ति तो होनी ही चाहिए तभी हम बैठक कर सकते हैं। ऐसा होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि नए सदस्य समय पर नियुक्त हो जाएंगे। तीन बाहरी सदस्यों आशिमा गोयल, जयंत वर्मा और शशांक भिड़े का चार साल का कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। समिति में नियुक्तियां सरकार द्वारा की जाती हैं। एमपीसी की अध्यक्षता आरबीआई के गवर्नर करते हैं और इसमें छह सदस्य होते हैं। इसमें गवर्नर समेत रिजर्व बैंक के तीन प्रतिनिधि होते हैं, जबकि अन्य तीन बाहरी सदस्य होते हैं। प्रस्ताव को सार्वजनिक किए जाने से पहले सदस्य दर निर्धारण पर मतदान करते हैं और बराबरी की स्थिति में गवर्नर के पास निर्णायक मत होता है। दर निर्धारण समिति में हाल ही में कुछ असहमति देखी गई है, जिसमें गोयल ने ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में वर्मा का साथ दिया है, जबकि अन्य चार ने लगातार मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का पक्ष लिया है। इससे लगातार नौ एमपीसी बैठकों में केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर के मोर्चे पर यथास्थिति कायम रखी है।

# भारत अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा 5जी मोबाइल बाजार, अमेरिका को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली ।**

भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी स्मार्टफोन का बाजार बन गया है, जबकि चीन अब भी पहले स्थान पर कायम है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 5जी स्मार्टफोन की शिपमेंट में यह उपलब्धि अमेरिका को पीछे छोड़कर हासिल किया है।

काउंटरपॉइंट रिसर्च की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक चीन के पास 5जी स्मार्टफोन बाजार का 32 हिस्सा हिस्सा है, जबकि भारत का हिस्सा अब 13 फीसदी है। वहीं, अमेरिका अब 10 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर आ गया है। हालांकि 5जी हैंडसेट शिपमेंट में एप्पल सबसे आगे रही, जिसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी से अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पहली बार अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी हैंडसेट का बाजार बन गया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2024 की पहली छमाही में वैश्विक 5जी हैंडसेट शिपमेंट में 20 फीसदी (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज हुई है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 5जी स्मार्टफोन बाजार की स्थिति का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है। इसमें एप्पल वैश्विक 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 25 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है, जिसमें आईफोन-15 और आईफोन-14 सीरीज़ की बड़ी हिस्सेदारी है। सैमसंग 21 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है, जिसमें गैलेक्सी-ए और एस-4 सीरीज की अहम भूमिका रही है। श्याओमी ने भारत में तिहरी अंकीय (ट्रिपल-डिजिट) वृद्धि दर्ज की है, जबकि मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और चीन में भी इसे अच्छी वृद्धि मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक श्याओमी और वीवो जैसी कंपनियों के लिए भारत सबसे बड़ा विकास चालक बनकर उभरा है। वीवो के लिए भी भारत, चीन और अन्य एशियाई देशों के साथ प्रमुख ग्रोथ एरिया रहा है। भारत में 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती मांग इसे ग्लोबल लेवल पर एक अहम बाजार बना रही है।




## भारत और भूमध्यसागरीय देशों के लिए पर्यटन क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं: गोयल

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अब भारत तथा भूमध्यसागरीय देशों के संबंधों को और मजबूत करने का समय आ गया है। गोयल ने कहा कि भारत और भूमध्यसागरीय देशों के लिए पर्यटन क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं है।



गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के भारत-भूमध्यसागरीय व्यापार सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भारत की समुद्री सुरक्षा और यूरोप तथा एशिया के बीच माल की तेज आवाजाही में योगदान दे सकती है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा पहल भारत की समुद्री सुरक्षा को बढ़ाएगी। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि आईएमईसी की शुरुआत भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य यूएई, सऊदी अरब, जॉर्डन, इजरायल और यूरोपीय संघ के माध्यम से भारत, यूरोप, मध्य-पूर्व को एकीकृत करना है। कम लॉजिस्टिक्स लागत, तेज़ कनेक्टिविटी और माल की सुरक्षित आवाजाही इस क्षेत्र में बेहतर सहयोग पर निर्भर है। भारत अपने बंदरगाहों का विस्तार कर रहा है, इसके विकास की गति तेज है। भारत अपने युवाओं को उज्ज्वल भविष्य देना चाहता है। देश के विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि भारत और भूमध्यसागरीय देशों का शिपिंग क्षेत्र में बहुत बड़ा साझा हित है, चाहे वह जहाज निर्माण, स्वामित्व, समुद्री क्षेत्र या क्रूज व्यवसाय में हो। उन्होंने कहा कि केंद्र बंदरगाहों के विकास में बहुत बड़ा अवसर देख रहा है। पिछले दशक में बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना कर दिया है। हमें उम्मीद है कि अगले 5 वर्षों में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो जाएगी।

# देश में निवेश की संभावना तलाशने भारत आ रहे अमेरिकी पेंशन फंड अधिकारी




**नई दिल्ली ।**

देश में निवेश की संभावना तलाशने के लिए अमेरिका के सार्वजनिक पेंशन फंडों के उच्च स्तरीय अधिकारियों का एक दल अगले हफ्ते भारत आ रहा है। ये अधिकारी अमेरिका के विभिन्न प्रांतों से हैं और कुल मिलाकर अमेरिका और वैश्विक बाजारों में निवेश की गई 1.8 लाख करोड़ डॉलर की परिसंपत्ति (एयूएम) का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) मिशन, भारत के वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढांचा कोष कर रहे हैं। रोडशो को वित्तीय भविष्य का निर्माण नाम दिया गया है जिसका आयोजन 9 से 13 सितंबर तक किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों का दल दिल्ली, बेंगलूरु और मुंबई का दौरा करेगा जहां वह प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा। दिल्ली में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी उसकी बैठक होगी। अमेरिका में करीब 200 सार्वजनिक पेंशन फंड हैं। अगले हफ्ते भारत आने वाले प्रतिनिधिमंडल में 5 पेंशन फंडों के 5 अधिकारी शामिल होंगे। अमेरिका के महावाणिज्य दूतावास के प्रमुख माइक हैंकी ने कहा कि यह पहला मौका है जब अमेरिकी मिशन इस तरह से फंडों का एक प्रतिनिधिमंडल किसी देश में भेज रहा है।

भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचा, डीकार्बोनाइजेशन, बंदरगाह, विमानन, स्वास्थ्य देखभाल और फार्मा जैसे क्षेत्रों में अपार अवसरों का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य इन पेंशन फंड प्रतिनिधियों को भारत में अवसरों से अवगत कराना है। वैश्विक फर्में किसी एक देश पर निर्भरता घटाकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही हैं और अलग-अलग जगहों पर अपना विनिर्माण केंद्र स्थापित कर रही हैं।

# देश में 17.1 करोड़ हुई डीमैट खातों की संख्या अगस्त में खुले 40 लाख से ज्यादा नए अकाउंट

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने से देश में डीमैट खातों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अगस्त में देश में 40 लाख से ज्यादा नए डीमैट अकाउंट खुले हैं, जिसके कारण कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) में 31 अगस्त तक कुल डीमैट खातों की संख्या 17.1 करोड़ थी। 2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं। चालू वर्ष के शुरुआती आठ महीनों में करीब 3.2 करोड़ डीमैट अकाउंट खुल चुके हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस ?वित्तीय वर्ष में नए आईपीओ का आना भी है। करीब 50 से अधिक कंपनियां 2024 की शुरुआत से 31 अगस्त तक आईपीओ के जरिए 53,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से की गई स्टडी में कहा गया था कि बड़ी संख्या में निवेशक केवल आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए डीमैट खाते खोल रहे हैं। स्टडी में बताया गया था कि अप्रैल 2021 से लेकर दिसंबर 2023 तक आईपीओ के आवेदन के लिए उपयोग किए गए डीमैट में से करीब आधे महामारी के बाद खोले गए हैं। 2024 में शेयर बाजार ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है।




# भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ 5 महीने के उच्च स्तर पर

**मुंबई ।**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ गई है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज बढ़ोतरी देखी गई है। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है। इसे काफी हद तक उत्पादकता लाभ और सकारात्मक मांग के रुझान से समर्थन मिला। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के लिए समग्र पीएमआई में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही। कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई, विनिर्माण तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में भी यही रुख देखने को मिला। इससे अगस्त में आउटपुट मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई। सर्वेक्षण में कहा गया कि भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में शुल्क मुद्रास्फीति की समग्र दर मध्यम रही। जुलाई में देखी गई वृद्धि की तुलना में भी यह वृद्धि धीमी रही।



# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली।**

**ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है।**



अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले वॉल स्ट्रीट के कारोबार में लगातार असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

इस असमंजस के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में दबाव में कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स 0.5 प्रतिशत तक गिर गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,503.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

दूसरी ओर, नैस्डेक 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,127.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 40,759.72 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,241.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.93 प्रतिशत टूट कर 7,431.96 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,576. 50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 4 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स में कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,189.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह निक्केई इंडेक्स 147.81 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 36,509.28 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.77 प्रतिशत टूट कर 2,555.58 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत फिसल कर 2,782 अंक के स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं।

दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,467.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,733.16 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

सेट कंपोजिट इंडेक्स ने बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.19 प्रतिशत उछल कर 1,420.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 223.45 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,411.16 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# महिला प्रधान फिल्में असफल होने पर दुख होता है : प्रियंका




अभिनेत्री प्रियंका चोपडा ने बताया कि वह एक महिला प्रधान फिल्म के फ्लॉप होने पर कैसा महसूस करती हैं। प्रियंका ने कहा कि जब आप एक महिला प्रधान फिल्म में काम करते हैं और आप इसकी सफलता की उम्मीद कर रहे होते हैं तो ऐसे में आपके ऊपर बहुत प्रेशर हो जाता है। वैसे बहुत कम ही होता है कि कोई महिला प्रधान फिल्म लोगों का दिल जीतने में कामयाब न हो, लेकिन ऐसा हो भी जाता है तो मुझे ऐसा लगता है कि हम सभी महिलाए कुछ कदम पीछे चली गई हैं, या कहीं ना कहीं मैंने उन्हें पीछे कर दिया है। चाहे फिल्म चले ना चले, लेकिन हमें यह काम करना ही होगा, क्योंकि हममें से कुछ लोग ही हैं, जिन्हें ऐसा करने का मौका मिलता है। सफल नहीं हो रहा है तो उसे और अच्छे से करने की कोशिश की जाए। अब आपको यह मानना है कि हमें ऐसा काम करना है कि नारी जाति को निराशा नहीं हो क्योंकि हमारे पास बहुत कम मौके होते हैं। प्रियंका ने इससे पहले बातचीत के दौरान काम के बुरे दिनों से निपटने के बारे में चर्चा की। प्रियंका ने कहा कि मेरे पास भी हर किसी की तरह बुरे दिन होते हैं, लेकिन मैं खुद को याद दिलाती हूं कि मेरे पास जो कुछ भी है, वह मेरे लिए कितना सौभाग्य की बात है और मैं शिकायत करना बंद कर देती हूं और अपना काम करने लगती हूं। मैं अपनी भावनाओं को एक तरफ रख देती हूं और घर पहुंचने पर उनसे निपटती हूं। प्रियंका जल्द ही फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आने वाली हैं, जिसमें जॉन सीना और इदरीस एल्बा भी अहम भूमिका में होंगे। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा को आखिरी बार हॉलीवुड फिल्म लव अगेन में सैम ह्यूगन के साथ रोमांस करते देखा गया था।

# कलाकारों को किरदारों के आधार पर नहीं आंकें : सारा



अभिनेत्री सारा खान का कहना है कि अभिनेताओं को पर्दे पर निभाए किरदारों के आधार पर नहीं आंका जा सकता है। सारा मानती है कि उन्हें टाइपकास्ट होने की भी चिंता नहीं है। सारा खान इन दिनों छठी मैया की बिटिया में दिख रही हैं। अपने नए किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि लोग अब अभिनेताओं को केवल उनकी स्क्रीन पर निभाई भूमिकाओं के आधार पर आंकते हैं। सोशल मीडिया अब इतना प्रचलित है कि लोग अभिनेताओं के बारे में उनकी प्रोफाइल के जरिए जान सकते हैं और देख सकते हैं कि वे अपने निभाए पात्रों से परे कैसे दिखते हैं? इसलिए मैं टाइपकास्ट होने को लेकर फिक्रमंद नहीं हूं क्योंकि इससे लोगों को हमें बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है और करियर में नए अवसर मिलते हैं। सारा खान ने कहा कि कई साल पहले जब अभिनेता टाइपकास्ट होने की चिंता करते थे। लेकिन अब यह चिंता का विषय नहीं है। सोशल मीडिया दर्शकों और निमार्ताओं को अभिनेताओं की भूमिकाओं से परे उनकी प्रतिभा को देखने का मौका देता है, जिससे हमें अन्य कौशल दिखाने और पिछले किरदारों के आधार पर किसी भी पूर्वाग्रह को बदलने का मौका मिलता है। सारा खान छठी मैया की बिटिया में देवी की भूमिका निभा रही हैं। शो के बारे में सारा ने कहा कि जब भी मैं कोई किरदार निभाती हूं, तो मैं तय करती हूं कि वह किरदार कितना अहम है। किसी भूमिका को निभाने के लिए एक्टर के लिए यह जानना जरूरी होता है कि उसे क्या एक्सपोजर मिलेगा। जब मैंने देखा कि किरदार के कई रंग है तो लगा इसमें संभावनाएं अपार हैं। सारा ने 2007 में सपना बाबुल का...बिदाई से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें शो प्रीत से बांधी ये डोरी राम मिलाई जोड़ी में देखा गया, जहां उन्होंने प्रियल गोर की जगह ली। 2013 में जुनून-ऐसी नफरत तो कैसा इश्क में दिखीं। सारा खान ने ससुराल सिमर का, वी द सीरियल, प्यार तूने क्या किया, एनकाउंटर, तुझसे, हाय राब्ता, भाग्यलक्ष्मी, सौभाग्यलक्ष्मी और जाना ना दिल से दूर जैसे शो में अहम भूमिकाएं निभाईं हैं और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है

# एक्शन-थ्रिलर फिल्म है युध्रा



सिद्धांत चतुवेर्दी और मालविका मोहनन स्टारर बालीवुड फिल्म युध्रा में सिद्धांत मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जबकि राघव जुयाल खतरनाक विलेन शफीक के रोल में हैं। विलेन यह राघव की दूसरी फिल्म है। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। सिद्धांत बड़े पर्दे पर इससे पहले कभी इस अवतार में नहीं दिख रहे हैं। फिल्म में रोमांस और एक्शन का मिश्रण दिखाया गया है। इसका बैकग्राउंड म्यूजिक भी बहुत दमदार लग रहा है। खैर, सिद्धांत चतुवेर्दी का यह एंग्री यंगमैन वाला किरदार लोगों को अट्रैक्ट कर रहा है। मालविका के साथ उनकी जोडॉ फिट लग रही है। वहीं, किल के बाद राघव जुयाल ने नेगेटिव रोल में जो पॉपुलैरिटी पाई है, वो नेगेटिव रोल युध्रा में भी देखने को मिल रहा है। युध्रा में सिद्धांत चतुवेर्दी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल के अलावा गजजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार हैं। ट्रेलर में सबका अलग अंदाज और लुक नजर आ रहा है। राम कपूर का स्क्रीन प्रेजेंस भी काफी सॉलिड है।

फिल्म को मॉम से पॉपुलर हुए डायरेक्टर रवि उदयवार ने डायरेक्ट किया है। बता दें कि यह फिल्म में 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। युध्रा के कुछ सींस तेलुगु सुपरस्टार अल्लु अर्जुन की साल 2018 में आई फिल्म ना पेरु सूर्या ना इल्ला इंडिया (सूर्या) के सीन से मिलते हुए दिखते हैं। युध्रा की तरह ही सूर्या में भी अल्लु का किरदार सूर्या गुस्से की वजह से आर्मी से निकाल दिया जाता है। उसी तरह का वायलेंस करता है। देशभक्ति, रोमांस का एंगल भी है। सूर्या ब्लॉकबस्टर हुई थी। युध्रा का अभी सिर्फ ट्रेलर आया है, फिल्म रिलीज होने के बाद पता चलेगा कि क्या यह उसका रीमेक है।

## बंगाली साड़ी में हॉट लग रही हैं नेहा सरगम



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री नेहा सरगम ने नए फोटोशूट की एक झलक साझा की, जिसमें वे बंगाली साड़ी में बेहद हॉट लग रही हैं। तस्वीर में एक्ट्रेस गोल्डन और लाल बॉर्डर वाली बंगाली साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इसके साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज पहना हुआ है। मेकअप के लिए उन्होंने पारंपरिक बंगाली लुक चुना है और अपने माथे पर कल्का लगाया हुआ है। यह एक डिजाइन है जो बीच में लाल बिंदी और भौंहों के साथ पैटर्न के साथ बनाया गया है। उन्होंने अपने बालों को ढिलाई से बांधा हुआ है और हाथों में सुनहरे रंग की चूड़ियां और झुमके पहन रखे हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कभी-कभी लगता है अपुन बंगाली है.. देव बाबू? मिजार्पुर 3 में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार मुख्य भूमिका में हैं। नया सीजन पूर्वांचल क्षेत्र पर नियंत्रण की लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर द्वारा निर्देशित, यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। नेहा इससे पहले चांद छुपा बादल में, सपना बाबुल का... बिदाई, ये रिश्ता क्या कहलाता है, रामायण, ये है आशिकी, पुनर्विवाह - जिंदगी मिलेगी दोबारा, डोली अरमानों की, इस प्यार को क्या नाम दूं? एक बार फिर, डोली अरमानों की और परमावतार श्री कृष्ण जैसे टीवी शो में अपना किरदार निभा चुकी हैं। कॉन्टिलो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित शो यशोमती मैया के नंदलाला में उन्होंने यशोदा की भूमिका निभाई। इसमें राहुल शर्मा और हितांशु जिंसी मुख्य भूमिकाओं में थे और इसका प्रीमियर सोनी पर हुआ था। बता दें कि एक्शन क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज मिजार्पुर में सलोनी त्यागी की भूमिका निभाने वाली नेहा सरगम के इंस्टाग्राम पर 8.20 लाख फॉलोअर्स वाली नेहा ने कुछ तस्वीरें साझा की।

# मेरी फिल्मों ने समाज में बदलाव लाने में भूमिका निभाई : आयुष्मान



बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने कहा है कि यूथ आइकॉन ऑफ इंडिया के रूप में सम्मानित होना मेरे लिए एक बड़ी बात है। मुझे लगता है कि मेरी फिल्मों की पसंद ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज को बेहतर बनाने की मेरी मंशा को आगे बढ़ाया है। एक्टर ने आगे कहा, अपने सिनेमा के माध्यम से मैं एक उभरते हुए, गतिशील और बढ़ते हुए नए भारत की आकांक्षाओं, महत्वाकांक्षाओं और मूल्यों को चित्रित करना और उन्हें प्रतिबिंबित करना चाहता हूं।

समावेशी स्क्रिप्ट और विषयों का चयन करके और क्रांतिकारी किरदार निभाकर, मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि मैं अपने देश के लोगों से जुड़ सकूं और हर मौके पर यथास्थिति को चुनौती दूं। अपने ब्रांड, फिल्मों और संगीत के साथ इस यात्रा के माध्यम से, मैं लोगों को मुस्कुराने, उनके दिलों में खुशी भरने, उन्हें एकजुट करने और दुनिया को यह बताने की कोशिश करता हूं कि हमारा देश, हमारा युवा कितना तेजस्वी है।

बता दें कि आयुष्मान खुराना बॉलीवुड के जाने माने एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने इस साल एक और उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के यंग लीडर्स अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। उनके साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भी इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। आयुष्मान और नीरज दोनों ही दुनिया भर के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल: सलमान खान



**मुंबई (ईएमएस)।** साल 1993 में बनी फिल्म अंदाज अपना अपना में बालीवुड एक्टर आमिर खान और सलमान खान ने साथ काम किया था। यह पुराना वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सलमान खान कह रहे हैं, उनके साथ काम करना मजेदार है, वह अच्छे हैं और बहुत मेहनती हैं। वह मुझसे दोगुनी मेहनत करवाते हैं। हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है। बता दें कि फिल्म अंदाज अपना अपना को रिलीज होने पर आलोचकों द्वारा कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, यह फिल्म आज भी बॉलीवुड की सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म दो सोने के दलालों की कहानी है जो एक अमीर उत्तराधिकारी को लुभाने की कोशिश करते हैं ताकि उसके पिता की संपत्ति पर कब्जा कर सकें। उन्हें जल्द ही पता चलता है कि उत्तराधिकारी ने अपनी सचिव के साथ पहचान बदल ली है।

तब तक, एक दलाल वास्तव में उत्तराधिकारी से प्यार करने लगता है, जबकि दूसरा दलाल सचिव से प्यार करने लगता है। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और रवीना टंडन भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। फिल्म के कई डायलॉग जैसे तेजा मैं हूं। मार्क इधर है, क्राइम मास्टर गोगो, मोगैम्बो का भतीजा और दो दोस्त एक कप में चाय पिएंगे बहुत लोकप्रिय हैं। यह फिल्म अपनी कॉमिक टाइमिंग, शानदार अभिनय और गानों के लिए जानी जाती है। दिलचस्प बात यह है कि रवीना ने एक बार खुलासा किया था कि फिल्म के सेट पर चारों मुख्य कलाकारों के बीच तालमेल ठीक नहीं था। सलमान का यह नया वीडियो उस बयान से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करता है। हालांकि, यह फिल्म लगभग तीन दशकों पहले रिलीज हुई थी। बता दें कि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और आमिर खान आज भले ही बॉलीवुड पर राज कर रहे हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ये दोनों इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे।

# गाउन में बेबी बंप के साथ पोज दिए युविका चौधरी ने

**मुंबई (ईएमएस)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री युविका चौधरी ने अपने मैटरनिटी फोटोशूट की कई तस्वीरें शेयर की है। जिसमें हम उन्हें सफेद हाई स्लिट गाउन में अपने बेबी बंप के साथ पोज देते हुए देख सकते हैं। एक्ट्रेस ने इसके लिए सटल मेकअप लुक चुना है और अपने लंबे बालों को खुला छोड़ा है। उन्हें सिल्वर कढ़ाई वाले स्लीवलेस बेज रंग के गाउन में पोज देते हुए भी देखा जा सकता है। उनके पति प्रिंस नरूला ने उनकी इस पोस्ट पर जमकर प्यार बरसाया। सुनील शेट्टी ने युविका की पोस्ट पर लिखा गॉड ब्लेस। गौहर खान ने लिखा, ब्लेस, ब्लेस, ब्लेस। आरती सिंह ने कहा, हाय, ब्लेस यू बेबी। रुबिना दिलैक ने कहा, खूबसूरत। चेतना पांडे ने लिखा, हॉट और प्यारी मां। दिव्या अग्रवाल ने लिखा, बहुत सुंदर। बिग बॉस 9 के दौरान युविका की मुलाकात प्रिंस नरूला से हुई। उनकी शादी 12 अक्टूबर 2018 को मुंबई में हुई थी। करियर की बात करें तो युविका ने जी टीवी के टैलेंट हंट रियलिटी शो जी सिने स्टार्स की खोज से अपनी टेलीविजन यात्रा शुरू की। इसके बाद उन्होंने टीवी धारावाहिक अस्तित्व..एक प्रेम कहानी में अभिनय किया। इसमें उन्हें आस्था की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। युविका नच बलिए 9 की विनर रह चुकी हैं। वह कॉमेडी क्लासेस, एमटीवी स्प्लिट्सविला 10, एमटीवी लव स्कूल 3, एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस 1 और एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस 2 जैसे शो में गेस्ट के रूप में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कुमकुम भाग्य में टीना और लाल इश्क में शिखा की भूमिका निभाई है। वहीं प्रिंस एमटीवी रोडीज 12, एमटीवी स्प्लिट्सविला 8, नच बलिए 9 और बिग बॉस 9 के विनर रह चुके हैं। वह एमटीवी रोडीज 17, एमटीवी रोडीज 18 और एमटीवी रोडीज 20 में गैंग लीडर के रूप में नजर आ चुके हैं। बता दें कि अभिनेत्री युविका चौधरी के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जिनके लिए वे समय-समय पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती है।

# अभिनेत्री कृतिका बोली, मैंने हमेशा अपने काम पर भरोसा किया



बॉलीवुड अभिनेत्री कृतिका कामरा ने नेपोटिज्म को लेकर हा कि यह कभी न खत्म होने वाली बहस है। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने कहा, मैंने हमेशा अपने काम पर विश्वास किया है। मैं किसी कनेक्शन या पारिवारिक संबंधों के कारण यहां नहीं पहुंची। मुझे जो भी अवसर मिले हैं, वे वर्षों की कड़ी मेहनत और मेरी दृढ़ता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसकी बहस में पड़ना सही नहीं है, क्योंकि आखिरी में दर्शक ही होते हैं जो एक कलाकार की किस्मत का फैसला करते हैं। उने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि नेपोटिज्म की बहस में फंसना सही है ,क्योंकि अंत में दर्शक ही होते हैं जो आपकी किस्मत का फैसला करते हैं। मैं उन सभी भूमिकाओं के लिए आभारी हूं जो मुझे मिली हैं, और यह इस बात का प्रमाण है कि आप इस उद्योग में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में भी सफल हो सकते हैं। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता नागराज मंजुले की मटका किंग में दिखाई देंगी। मटका किंग मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की जटिल दुनिया को दिखाता है। सीरीज में विजय वर्मा मटका किंग की मुख्य भूमिका में हैं। कृतिका ने कितनी मोहब्बत है शो में आरोही शर्मा की भूमिका निभाकर सुर्खियां बटोरीं। इसके बाद उन्हें कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्टर्स और प्रेम या पहेली - चंद्रकांता जैसे शो में देखा गया। अभिनेत्री ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 7 में भी भाग लिया है और तांडव और बंबई मेरी जान जैसी सीरीज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में रिलीज हुई मित्रों से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की। वो प्रतीक गांधी के साथ फॉर योर आईज ओनली में भी नजर आएंगी। बता दें कि अभिनेत्री को हाल ही में थ्रिलर सीरीज ग्यारह ग्यारह में देखा गया था। यह सीरीज कोरियाई शो सिग्नल का रूपांतरण है। इस शो में राघव जुयाल, धैर्य करवा और आकाश दीक्षित भी हैं।

## सूडोकु नवताल- 6906

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्दजाल- 7653

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ब | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | ना | न | व | ग | रू |
| इं | र | ब | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हो | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्श | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

शब्दजाल में 'सिखो' के 10 गुरुओं के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

नानक देव, अंगद देव, अमरदास, रामदास, अर्जुनदास, हरगोविंद, हरराय, हरिकिशन, तेग बहादुर, गोविन्द सिहं

### शब्दजाल - 7652 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | त्र | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | ची | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | ट |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6606

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | | 4 | | 7 | |
| | 30 | 3 | 21 | | 35 | |
| 7 | 5 | | | 4 | 2 | 6 |
| | 33 | 6 | 39 | | 31 | |
| 4 | | | 7 | 6 | 1 | |
| | 33 | 4 | 42 | | 26 | 1 |
| 3 | 1 | | 6 | | 5 | 4 |


*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6605 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 42 | 7 | 33 | 1 | 23 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 32 | 3 | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 24 | 1 | 33 | 5 | 35 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पेरिस पैरालिंपिक : सिमरन 100 मीटर फाइनल में अंतिम स्थान पर रहीं, पावरलिफ्टर अशोक ने भी किया निराश



**पेरिस।**

भारतीय पैरा एथलीट सिमरन शर्मा और अशोक पोडियम पर अपनी जगह पक्की करने में विफल रहे और पेरिस पैरालिंपिक में उनका अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ।

सिमरन ने बिना किसी परेशानी के महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वह 12.31 सेकंड के समय के साथ चार फाइनलिस्टों में से अंतिम स्थान पर रहीं।

क्यूबा की ओमारा डूरंड एलियास, जो विश्व रिकॉर्ड धारक हैं, ने 11.81 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन की ओक्साना बोटुर्चुक 12.17 सेकंड के समय के साथ एलियास से पीछे रहीं। जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रोटगार्ड ने 12.26 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

इस बीच, पावरलिफ्टर अशोक, जो पुरुषों के 65 किग्रा फाइनल में भी पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने अपना अभियान छठे स्थान पर समाप्त किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 196 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने अपनी गति को बनाए रखते हुए 199 किग्रा वजन उठाया और पदक की उम्मीद जगाई।

लेकिन तीसरे प्रयास में, उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में 206 किग्रा उठाने की कोशिश की, लेकिन यह उनके लिए बहुत ज़्यादा साबित हुआ और उन्होंने एक अमान्य प्रयास दर्ज किया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास दूसरे राउंड में 199 किग्रा रहा।

चीन के यी ज़ू ने 215 किग्रा का सफल भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ग्रेट ब्रिटेन के मार्क स्वान ने 213 किग्रा का सफल भार उठाकर रजत पदक जीता। एलेगिरा के होसीन बेटिर ने 209 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता।

सिमरन और अशोक की कमी से पहले, भारत ने मिश्रित टीम रिकर्व ओपन में स्लोवेनिया के ज़ीवा लावरिंक और देजान फ़ैबिक के खिलाफ़ कांस्य पदक के मुक़ाबले में पैरा-तीरंदाज़ी जोड़ी हरविंदर सिंह और पूजा के हारने के बाद एक और पदक की उम्मीद खो दी। पैरालिंपिक में भारत के रिकॉर्ड-तोड़ पदक तालिका में एक और पदक जोड़ने में दोनों की असमर्थता के बावजूद, यह भारतीय पैरा-तीरंदाजों का एक ऐतिहासिक प्रदर्शन था। पैरालिंपिक के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम ने इस मार्की इवेंट में दो पदक एक स्वर्ण और एक कांस्य जीते। हरविंदर ने पैरालिंपिक में पैरा तीरंदाजी में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। एकतरफा फाइनल में, हरविंदर ने बुधवार को पोलैंड के लुकास सिसजेक को सीधे सेटों में 6-0 से हराया।

## न्यूज़ब्रीफ

### पाक यूट्यूबर बोला, बाबर को आईपीएल में कोई 130 रुपये में भी नहीं खरीदेगा



**लाहौर।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद से ही पाकिस्तान के क्रिकेटर आलोचनाओं का शिकार हुए हैं। टीम का लोगों ने सोशल मीडिया पर भी मजाक उड़ाया है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के दौरान पाक के नंबर एक बल्लेबाज बाबर आजम का प्रदर्शन भी खराब रहा जबकि आजम को टीम की बल्लेबाजी का मुख्य आधार माना जाता है। इसके बाद से ही आजम को भी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। एक पाक यूट्यूबर ने आजम की आलोचना करते हुए कहा, आईपीएल में तो कोई उन्हें 130 रुपये में भी नहीं खरीदेगा। साथ ही कहा कि भारतीय बोर्ड ने आईपीएल में पाक खिलाड़ियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है पर अगर ऐसा नहीं होते तो भी पाक खिलाड़ियों को कोई नहीं खरीदता। बाबर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 100 रन भी नहीं बना पाये। वहीं पाक टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, मैं पूरी तरह से हार की जिम्मेदारी लेता हूं और देश से माफी मांगता हूं। मसूद ने हार की जिम्मेदारी स्वीकार की, जबकि टीम की हार ने पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। वहीं पाक बोर्ड पीसीबी ने कहा है कि टीम में कई बदलाव किये जाएंगे।

### यूएस ओपन 2024: आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार फाइनल में



**न्यूयॉर्क।** दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 6-3, 7-6(2) से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो को मात देने के लिए अपनी बेहतरीन शक्ति का इस्तेमाल किया, 34 से ज़्यादा विनर्स भेजे, और मैच पॉइंट पर संतोषजनक ओवरहेड स्मैश के साथ इसे समाप्त किया। नवारो ने चौथे राउंड में गत विजेता कोको गॉफ को हराया था, लेकिन प्रमुख अनुभवी सबालेंका के सामने हार गईं। सबालेंका ने जीत के बाद प्रशंसकों को चिढ़ाते हुए कहा, अब आप मेरे लिए जयकार कर रहे हैं – वाह – यह थोड़ा देर हो चुकी है। भले ही आप लोग नवारो का समर्थन कर रहे थे, लेकिन मेरे रोंगटे खड़े हो गए। वह बहुत अच्छी खिलाड़ी हैं, वास्तव में कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं। सबालेंका चैंपियनशिप मैच में अमेरिका की जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।

### नेशंस लीग: रोनाल्डो के 900वें गोल से पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया



**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 900वें गोल की मदद से पुर्तगाल ने गुरुवार को नेशंस लीग के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत हासिल की। डिओगो डालोट ने सातवें मिनट में बेहतरीन गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। इसके बाद पुर्तगाल के पांच यूरो 2024 खेलों में गोल करने में विफल रहे रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के एक बेहतरीन क्रॉस पर गोल करके 34वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। यह उनके करियार का 900वां गोल था। क्रोएशिया को ब्रेक से चार मिनट पहले गिफ्ट के रूप में एक गोल मिला, जब डालोट ने सोसा के स्लाइडिंग प्रयास को अपने ही नेट में डिफ्लेक्ट कर दिया, लेकिन स्कोर रहित दूसरे हाफ ने पुर्तगाल को अपने अभियान की विजयी शुरुआत दी। गुरुवार को लीग ए ग्रुप 1 के दूसरे गेम में पोलैंड ने स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया। रविवार को पुर्तगाली टीम स्कॉटलैंड की मेज़बानी करेगी, जबकि क्रोएशिया का सामना पोलैंड से होगा।

# पैरालम्पिक 2024 में मप्र के कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**भोपाल।**

फ्रांस के पेरिस शहर में 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक आयोजित पैरालम्पिक-2024 में गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य जूडो अकादमी के बोर्डिंग स्कीम खिलाड़ी कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गुरुवार देर शाम 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को एकतरफा 10-0 से हराकर भारत की झोली में 25वां पदक डाला। कपिल ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया और पैरालंपिक इतिहास में भारत का जूडो में पहला पदक दिलाया है।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कपिल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। कपिल मुख्यत: सीहोर के निवासी हैं। वर्ष 2009-10 में करंट लगने से उनकी आँखों की रोशनी चली गई थी। कपिल 80 प्रतिशत ब्लाइंड हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में जूडो खेलना प्रारंभ किया। कपिल अब तक 17 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 13 अंतरराष्ट्रीय पदक अर्जित किये हैं।

### विस्तृत परिणाम

पैरालम्पिक गेम के ब्लाइंड जूडो पुरुष व्यक्तिगत 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में क्वालीफाई मैच न होकर सीधा क्वार्टर फायनल मुकाबला खेला गया। यह क्वार्टर फायनल मुकाबला गुरुवारको भारत के कपिल परमार और वेनेजुएला के ब्लेंको एम.डी. के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में कपिल परमार ने वेनेजुएला के ब्लेंको एमडी को 10-0 से करारी शिकस्त देकर सेमी-फायनल



मुकाबले में प्रवेश किया। इसके बाद गुरुवार को ब्लाइंड जूडो पुरुष व्यक्तिगत 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा के सेमी-फायनल मुकाबले में अकादमी के कपिल परमार और ईरान के खिलाड़ी सैयद बानीताबा खुर्रम के मध्य खेला गया। इसमें ईरान के खिलाड़ी बानीताबा ने कपिल को 1-0 के अंतर से परास्त किया। इसके बाद कपिल का मुकाबला ब्राजील के खिलाड़ी एलिल्टन डी ओलीवेरिया के मध्य काँस्य पदक के लिये खेला गया, जिसमें 10-0 से कपिल ने मुकाबला जीतकर काँस्य पदक हासिल किया।

## पेरिस पैरालंपिक: शॉटपुट एफ35 फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बावजूद खाली हाथ रहे अरविंद




**पेरिस।** भारत के अरविंद ने पेरिस पैरालिंपिक में अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की स्ट्रीक बनाने के बाद भी, पुरुषों की शॉट पुट एफ 35 फ़ाइनल में को खाली हाथ रहे। उज्बेकिस्तान के खुसनीद्दीन नोरबेकोव ने दांव बढ़ाया और 16.82 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने के लिए पैरालिंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने बीजिंग 2008 में 16.22 मीटर थ्रो के साथ चीन के वेई गौ के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नोरबेकोव ने अपने नाम के साथ 17.32 मीटर थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। अर्जेंटीना के हर्नान उर्रा ने 16.11 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक जीता। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के सईद अलियासगर जावनमर्डी ने 15.84 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। अरविंद ने स्वर्ण पदक के लिए अपनी दौड़ की शुरुआत 11.79 मीटर की दूरी से की, उन्होंने अपने पहले थ्रो में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सीजन के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ, अरविंद पहले राउंड के बाद आठ फाइनलिस्टों में छठे स्थान पर थे। अपने दूसरे प्रयास में, अरविंद ने दिखाया कि उनमें कुछ और कौशल बाकी हैं। उन्होंने 12 मीटर का आंकड़ा पार किया और 12.34 मीटर के थ्रो के साथ एक नया सीजन सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड किया। अपने सीजन-सर्वश्रेष्ठ प्रयास में सुधार करने के बावजूद, वे छठे स्थान पर रहे। तीसरे राउंड के थ्रो में उन्होंने एक बार फिर गहराई से खोज की और 13.01 मीटर को अपने नए सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के रूप में निर्धारित किया। लगातार तीसरे थ्रो के लिए, अरविंद का सीजन-सर्वश्रेष्ठ लगातार बढ़ता रहा, लेकिन समूह में उनकी स्थिति में शायद ही कोई बदलाव दिखा। चौथे राउंड में, अरविंद का प्रदर्शन खराब होने लगा और उन्होंने 12.85 मीटर का प्रयास किया, जिससे उनके सीजन का सर्वश्रेष्ठ सेट करने का सिलसिला खत्म हो गया। पोडियम फिनिश हासिल करने की संभावना खत्म होने के साथ, अरविंद ने एक बार फिर गौरव हासिल करने की कोशिश की, लेकिन 12.71 मीटर की दूरी हासिल करने में सफल रहे। उनके अभियान का अंत उनके अंतिम प्रयास में फाउल थ्रो के साथ हुआ।

# मनोलो के मुख्य कोच बनने से भारत फीफा रैंकिंग में आगे बढ़ना शुरू कर देगा : ओवेन कोयल



**कोच्चि।**


कई लोग तब हैरान रह गए जब केरला ब्लास्टर्स ने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक से अलग होने का फैसला किया, जो अपनी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जितने ही लोकप्रिय थे और जिनके नेतृत्व में क्लब ने लगातार तीन वर्षों तक इंडियन सुपर लीग प्लेऑफ में जगह बनाई थी।

नए कोच माइकल स्टाहरे पर बेहतर परिणाम देने का बहुत दबाव होगा। लेकिन स्वीडिश खिलाड़ी ने यह स्पष्ट कर दिया कि काम करने का उनका अपना तरीका है। स्टाहरे ने गुरुवार को कोच्चि में आईएसएल मीडिया डे के दौरान कहा, सबसे पहले, मैं पिछले कोच का पूरा सम्मान करता हूं लेकिन पुराना रिश्ता पूर्व पति या पूर्व पत्नी के साथ होने जैसा होता है। जाहिर है, वह एक अच्छे कोच और अच्छे इंसान हैं लेकिन मेरा काम अपने तरीके से प्रशिक्षण देना है। मैं टेबल पर ऊर्जा लाने की कोशिश करता हूं।

जब खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए आएंगे तो मुझे ऊर्जा से भरा माहौल भी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि वह खचाखच भरे स्टेडियम को देखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, थाईलैंड में (क्लब के प्री-सीजन के दौरान), हमारे खेल को देखने के लिए 10 लोग और कुछ कुत्ते मौजूद थे और डूरंड कप में भी बहुत ज़्यादा लोग नहीं थे। इसलिए अब मैं एक बड़े प्रशंसक आधार वाले अच्छे स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक हूँ। इस बीच, चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा कि आईएसएल क्लबों का कर्तव्य है कि वे भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाने की दिशा में हम सभी का कर्तव्य है।

हम सभी चाहते हैं कि इंडियन सुपर लीग की खूब चर्चा हो। अब जबकि मेरे अच्छे दोस्त मनोलो मार्केज़ भारतीय टीम के साथ हैं (देश के मुख्य कोच के रूप में), उम्मीद है कि राष्ट्रीय टीम फीफा रैंकिंग में भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत दूर की बात है कि हम आठ से 10 साल में फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए काम कर सकते हैं। भारत में इसकी असली संभावना है। इस बीच, आईएसएल कप चैंपियन मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रेटकी का मानना है कि इस सीजन में लीग पिछले सीजन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होगी।

# एलेक्स मॉर्गन ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास, गर्भवती होने की घोषणा की



**न्यूयॉर्क।**

दो बार की महिला विश्व कप चैंपियन एलेक्स मॉर्गन ने घोषणा की है कि वह अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती हैं और पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले रही हैं। यूनाइटेड स्टेट्स के साथ 15 साल के करियर के दौरान, मॉर्गन ने न केवल मैदान पर प्रभाव डाला, बल्कि उन्होंने समान वेतन के लिए टीम की लड़ाई का नेतृत्व करने में भी मदद की और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर रहीं। 35 वर्षीय मॉर्गन रविवार को स्नैपड्रैगन स्टेडियम में अपनी क्लब टीम, नेशनल विमेंस सॉकर लीग के सैन डिएगो वेव के साथ अपना अंतिम मैच खेलेंगी। 2015 और 2019 में विश्व कप खिताब के अलावा, मॉर्गन ने 2012 लंदन ओलंपिक में युनाइटेड स्टेट्स के साथ स्वर्ण पदक भी जीता। वह पहली बार 2009 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुईं। यूएस टीम के साथ अपने करियर के दौरान, उन्होंने 224 मैच खेले, जो अब तक का नौवां सबसे बड़ा मैच था, जिसमें 123 गोल (अब तक का पांचवां) और 53 असिस्ट (अब तक का नौवां) शामिल थे। मॉर्गन ने एक बयान में कहा, मैं इस टीम में पली-बढ़ी हूं, यह फुटबॉल से कहीं बढ़कर है। यह दोस्ती और एक-दूसरे के बीच अटूट सम्मान और समर्थन, महिलाओं के खेल में वैश्विक निवेश के लिए अथक प्रयास और मैदान पर और बाहर दोनों जगह सफलता के महत्वपूर्ण क्षण थे। मैं 15 साल से अधिक समय तक इस पद को पाने के लिए अविश्वसनीय रूप से सम्मानित हूं। मैंने उस समय में अपने बारे में बहुत कुछ सीखा और इसका श्रेय मेरे साथियों और हमारे प्रशंसकों को जाता है। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि यह टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है और मैं हमेशा यूएस महिला टीम की प्रशंसक रहूंगी। मॉर्गन को दो बार यूएस सॉकर प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। यूनाइटेड स्टेट्स के साथ उनका आखिरी मैच 4 जून, 2024 को दक्षिण कोरिया के खिलाफ था। वह पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में नहीं थीं। मॉर्गन उन खिलाड़ियों में से थीं जिन्होंने 2019 में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम की तुलना में असमान वेतन और व्यवहार का हवाला देते हुए लैंगिक भेदभाव के लिए यूएस सॉकर पर मुकदमा दायर किया था। 2022 में, दोनों पक्ष सामूहिक सौदेबाजी समझौतों पर सहमत हुए, जिसके तहत दोनों टीमों को समान रूप से भुगतान किया जाएगा।

# टीम से बढ़कर, एक परिवार है पुरानी दिल्ली 6 : ईशांत शर्मा


**नई दिल्ली।**

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 टीम के शानदार प्रदर्शन को लेकर अपनी खुशी व्यक्त की है। फिलहाल सेंट्रल दिल्ली लायंस को हराकर दिल्ली 6 सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है।

हालांकि ईशांत ने टूर्नामेंट में बॉलिंग तो नहीं की है, लेकिन टीम को एक परिवार की तरह संजोए हुए हैं और लगातार उनका मार्गदर्शन करते चले आ रहे हैं। ईशांत ने कहा, दुर्भाग्यवश मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन जिस तरह से टीम प्रदर्शन कर रही है वह अदभुत है। लड़के जिस तरह खेल रहे हैं और एक दूसरे का साथ निभा रहे हैं, मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा ये टीम नहीं एक परिवार है। साथ ही टीम के मालिक आकाश नांगिया जिस तरह से टीम के हर सदस्य के लिए खड़े रहते हैं और मदद करते हैं वह वास्तव में सराहनीय है। पुरानी दिल्ली 6 ने लगातार दो गेम जीतकर दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार वापसी की है। लीग के दौरान ऐसा पहली बार था, जब उन्होंने लगातार दो गेम जीते हों।

### सेमीफाइनल के लिए टीम का मनोबल बढ़ाते हुए

ईशांत ने कहा, ऐसे ही फोकस बनाए रखें



और उसी जुनून और एकता के साथ खेलना जारी रखें जो उन्हें यहां तक लाया है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने इस परिवार को बस यही सलाह दूंगा कि छोटी से छोटी बारीकी पर विशेष ध्यान दो, दिल से खेलो और भूल जाओ की तुम्हारे सामने कौन सा बल्लेबाज या गेंदबाज खड़ा है अगर ऐसा कर पाए तो तुम्हे विजेता बनने से कोई नहीं रोक सकता।

**पुरानी दिल्ली 6 टीम:** ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

# नीरज चोपड़ा ने ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।**

**दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शीर्ष छह में जगह बनाकर डायमंड लीग के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित दो दिवसीय प्रतियोगिता 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगी।**

स्वत: योग्यता प्राप्त करने वाले छह भाला फेंक खिलाड़ियों में पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर, जैकब वडलेज, नीरज चोपड़ा, एंड्रियन मार्डारे और रोडरिक जेनकी डीन शामिल हैं।



नीरज चोपड़ा, सात अंकों के साथ और लुसाने लेग में दूसरे स्थान पर रहे, अब डायमंड लीग स्टैंडिंग में वेबर के साथ तीसरे स्थान पर हैं, दोनों के 15 अंक हैं। पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि चेक गणराज्य के जैकब वडलेज, जो 82.03 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे, 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

नीरज ने लुसाने में अपने अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर का थ्रो दर्ज किया, जो उनके पेरिस ओलंपिक के सर्वश्रेष्ठ 89.45 मीटर से थोड़ा ही आगे था। उनके इस प्रयास ने उन्हें ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रखा, जिन्होंने 90.61 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक के बाद, नीरज चोपड़ा ने लगातार एडिक्टर मांसपेशियों की समस्या को ठीक करने के लिए सर्जरी करवाने का संकेत दिया। हालाँकि वे पेरिस खेलों के बाद भारत नहीं लौटे, सीधे स्विटज़रलैंड चले गए, चोपड़ा से पूछा गया कि वे इस सीज़न में कितने समय तक प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व चैंपियन ने कहा, शायद दो या एक प्रतियोगिता और फिर सीज़न खत्म। मुझे यकीन नहीं है, शायद ब्रुसेल्स (डायमंड लीग फिनाले) हो।

उन्होंने उल्लेख किया कि आगामी वर्ष के लिए उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता पूरी तरह से फिट होना है। उन्होंने कहा, पहला लक्ष्य, डॉक्टर के पास जाना और अपनी कमर को 100 प्रतिशत फिट करना और साथ ही मैं तकनीकी रूप से बेहतर हो जाऊंगा और फिर से दूर फेंकने की कोशिश करूंगा।

इस सीज़न में नीरज ने दोहा डायमंड लीग, फेडरेशन कप (भारत में), पावो नूरमी गेम्स, पेरिस ओलंपिक और लॉज़ेन डायमंड लीग में भाग लिया।

# सिगरेट से हुक्का ज्यादा खतरनाक...

**इन** दिनों हर छोटे बड़े शहरों और मॉल्स में हुक्का बार या शीशा लाउंज पॉपुलर होते नजर आ रहे हैं। युवा हुक्के का एक कश नहीं बल्कि हजार कश लेते हुए दिखते हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि हुक्का पीना सिगरेट पीने के मुकाबले बिल्कुल भी हानिकारक नहीं होता।

लेकिन हुक्के से खींचा गया तंबाकू का धुआं पानी से होता हुआ एक लंबे होज पाइप के जरिए फेफड़ों तक पहुंचता है। पानी के बरतन से होते हुए आने के कारण ही यह एक आम भ्रांति है कि हुक्के का धुआं हानिकारक नहीं होता। सच यह है कि हुक्के से निकलने वाला धुआं सिगरेट या बीड़ी के धुएं से अधिक घातक होता है। हुक्का पीना सिगरेट की ही तरह हानिकारक है क्योंकि दोनों उत्पाद के अंत में कार्सिनोजन लगा रहता है जो कि एक कैंसर पैदा करने वाला पदार्थ है।

हुक्के का स्वाद बदलने के लिए केवल उसमें फ्रूट सीरप मिलाया जाता है जिससे उसके फ्लेवर में बदलाव आ जाता है। इसका यह बिल्कुल भी मतलब नहीं है कि हुक्के में किसी भी प्रकार का फल मिलाया गया हो। इसलिए यह आशा न करें कि हुक्के को पी कर आपको विटामिन मिलेगा।

## शिशु को कैसे दिलवाएं डकार

शिशु के जब बोतल से दूध पीता है तो उस दौरान हवा भी अन्दर पेट में चली जाती है। दूध की बोतल से शिशु के पेट में गई ये हवा उसे गैसी और चिड़चिड़ा बना देती है। उसके शरीर में अत्याधिक गैस और असुविधा से राहत देने के लिए डकार दिलवाने के लिए उनको आपकी सहायता की आवश्यकता है। डकार दिलवाने का सही तरीका क्या है और, ऐसा कब होता है जब शिशु को दूध पीने के बाद भी डकार नहीं आती।



# उच्च रक्तचाप वाले डाइट में करें ये परिवर्तन



**रक्तचाप** की समस्या सबसे बेकार बीमारी है। स्वास्थ्य एक्सपर्ट का कहना है कि दुर्भाग्यवश ऐसे लोगों की संख्या देश विदेश में बढ़ रही है जिन्हें उच्च रक्तचाप है। और इसे नियंत्रण में लाने का सबसे आसान तरीका है नियमित खान पान जो कारगर हो। उच्च रक्तचाप में दिल जिस वेग से खून छोड़ता है वह बड़ जाता है। अगर समय पर इसका उपाय न किया गया तो इससे कई और बीमारियां जैसे किडनी की समस्या, धमनी की समस्या और दिल का दौरा भी पड़ सकता है। कुछ लोगों के लिए यह जेनेटिक हो सकता है। पर ज्यादातर समय यह अधिक बैठे रहने वाली जीवन शैली, तनाव और एक्सरसाइज की कमी से शुरू होती है। आपको अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से कई सुझाव मिल जाएंगे कि उच्च रक्तचाप के लिए क्या अच्छा होता है और क्या बुरा। इससे आप और कंफ्यूज हो सकते हैं और कई बार आप गलत खाना खाकर रह जाते हैं। तो उच्च रक्तचाप के लिए सही डाइट क्या होनी चाहिए? अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने और डाइट में बदलाव कर आप उच्च रक्तचाप से निजात पा सकते हैं। यहां पर आठ डाइट प्लान बताए गए हैं।

**1. खाने में नमक की मात्रा कम कर दें-** उच्च रक्तचाप के लिए ज्यादा नमक नुकसान कर सकता है। ज्यादा नमक खाने से शरीर में पानी रहता है जिससे उच्च रक्तचाप हो जाता है। इसलिए ज्यादा नमक वाला खाना जैसे केचप और डिब्बाबंद पेय पदार्थ और खाने से बचना चाहिए।

**2. प्रोसेस्ड फूड न लें-** प्रोसेस्ड फूड जैसे ब्रेड, प्रोसेस्ड मीट और पैक किए हुए खाने से बचना चाहिए क्योंकि यह ब्लड प्रेशर के स्तर को बढ़ाता है।

**3. तेल कम खाएं-** जितना हो सके कम तेल का इस्तेमाल करें। तेल में फैट ज्यादा होते हैं जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है जिससे ब्लड प्रेशर का स्तर भी बढ़ता है।

**4. अल्कोहल से बचें-** शराब में खाली कैलोरीज होते हैं। ज्यादा पीने से ना सिर्फ वजन पर ब्लड प्रेशर का स्तर भी बढ़ता है। इससे रक्त धमनियां संकुचित भी हो जाती हैं।

**5. कॉफी कम पीएं-** कॉफी में कैफीन होता है जो ब्लड प्रेशर के स्तर को तुरंत बढ़ा देता है। इसलिए रोज कॉफी नहीं पीनी चाहिए। हालांकि, कभी कभार आप कॉफी पी सकते हैं।



**6. धूम्रपान न करें-** सिगरेट में निकोटीन होता है जो बुरा होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और धमनियां संकुचित होती हैं। उच्च रक्तचाप से बचने के लिए धूम्रपान से बचना जरूरी है।

**7. पशु उत्पाद लेना बंद कर दें-** पशु उत्पाद जैसे मीट, प्रोसेस्ड मीट, अंडा और बटर में फैट होता है। इससे कोलेस्ट्रॉल तो बढ़ता ही है, साथ ही साथ रक्तचाप भी बढ़ जाता है।

**8. खाने में साबुत ग्रेन को शामिल करें-** साबुत ग्रेन में प्रचुर मात्रा में फाइबर होता है। इससे कोलेस्ट्रॉल और फैट पिघल जाता है और धमनियों में जमा नहीं होता। इससे खून आराम से धमनियों में बहता है और रक्तचाप भी काबू में रहता है।



## सिर्फ पुरुष ही क्यों होते हैं

# गंजेपन के शिकार

**आए** दिन मेट्रो, बस और अपने ऑफिस में आपको कोई ना कोई पचास साल से ऊपर गंजा इंसान दिख ही जाता होगा। क्या आपने कभी नोटिस किया है कि केवल आपको गंजे पुरुष ही दिखने को मिलते हैं। गंजी महिलाएं आपने शायद ही देखी हो, और जो देखी भी होगी वे किसी न किसी बीमारी के कारण हुई होंगी।

क्या आपने कभी सोचा है कि केवल पुरुष ही क्यों गंजेपन का



शिकार होते हैं? तो इसका जवाब इस लेख में जानिए। पुरुषों की तरह महिलाओं के भी बाल झड़ते हैं। जबकि महिलाएं शायद ही कभी गंजेपन की शिकार होती हैं। दुनिया में केवल इंसान ही जिनके बाल आते हैं और केवल इंसान ही है जो गंजेपन का शिकार होता है। इंसानों में भी केवल पुरुष ही है जो गंजा होता है। कई बार माना जाता है कि बाल तनाव के कारण झड़ते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या महिलाओं में तनाव नहीं होता?


वहीं कई बार पोषण की कमी भी बालों का झड़ना माना जाता है। अगर ऐसा है तो महिलाएं ज्यादा कुपोषित होती है और अच्छी से अच्छी खाते-पीती घर की महिलाओं में हीग्लोबिन की कमी होती है। ऐसे में तो फिर महिलाओं के बाल ज्यादा झड़ने चाहिए। लेकिन नहीं, बाल केवल पुरुषों के झड़ते हैं और वे ही गंजे होते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन जिम्मेदार

शरीर पर बाल हार्मोनल बदलावों के कारण उगते हैं और वे झड़ते भी हार्मोस में बदलाव के कारण ही हैं। ऐसे में बालों का आना और जाना मनोविज्ञान या रसायनविज्ञान की जगह जीवविज्ञान का विषय है। गंजेपन पर रिसर्च कर रहे नॉर्वे की बर्गेन यूनिवर्सिटी के जीव वैज्ञानिकों ने इसके लिए टेस्टोस्टेरॉन नाम के यौन हॉर्मोन को जिम्मेदार ठहराया है। यह पुरुषों में स्रावित होने वाले एंड्रोजन समूह का स्टेरॉयड हार्मोन है जिसके कारण पुरुषों में बाल झड़ने की समस्या पैदा होती है। दरअसल इंसान के शरीर में कुछ एंजाइम ऐसे होते हैं जो टेस्टोस्टेरॉन को डिहाइड्रो-टेस्टोस्टेरॉन में बदल देते हैं। यही डिहाइड्रो-टेस्टोस्टेरॉन के कारण बाल पतले और कमजोर हो जाते हैं। सामान्यतौर पर हार्मोस में यह बदलाव करने वाले एंजाइम एक इंसान में उसे उसके जीस से प्राप्त हुए होते हैं। इसी कारण गंजेपन को आनुवांशिक भी माना जाता है।

### फिर महिलाएं क्यों नहीं होती गंजी

ऐसे में सवाल वही रह जाता है कि महिलाएं क्यों नहीं पूरी तरह से गंजी होतीं? इसका जवाब टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन में ही छुपा है। दरअसल ये एक मेल हार्मोन है जो पुरुषों में ही पाया जाता है। ये पुरुषों की तुलना में महिलाओं में नाम मात्र के लिए स्रावित होता है। और जब ये महिलाओं में अधिक स्रावित होता है तो महिलाओं में अनचाहे बालों की अधिक मात्रा में आने की समस्या पैदा होती है। इसलिए महिलाओं में टेस्टोस्टेरॉन नाममात्र के लिए स्रावित होते हैं और इसके साथ एस्ट्रोजन नाम के हार्मोन का भी स्राव होता है। जिस कारण महिलाओं के शरीर में टेस्टोस्टेरॉन के डिहाइड्रो-टेस्टोस्टेरोन बदलने की प्रक्रिया कम होती है। जिस कारण महिलाओं में बाल कम झड़ते हैं। और जब यही प्रक्रिया कभी गर्भावस्था या मेनोपॉज़ में बढ़ जाती है तो बाल झड़ने की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए अक्सर महिलाओं को गर्भावस्था और मेनोपॉज में बाल झड़ने की समस्या होती है।





# प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल बेहतर



**अक्सर** लोग प्रदूषण और डस्ट से बचने के लिए मुंह पर स्कार्फ या रूमाल बांधते हैं। इसके पीछे हमारा उद्देश्य धुएं, धूल मिट्टी आदि को अंदर जाने से रोकना होता है। इस सब के बाद हम यह मान बैठते हैं कि प्रदूषण हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता लेकिन यह हमारी गलतफहमी होती है। वैज्ञानिकों के अध्ययन मुताबिक इस तरह के कपड़े कुछ हद तक ही प्रदूषण से बचाव करते हैं, जबकि इनकी तुलना में बाजार में मिलने वाले मास्क कहीं बेहतर होते हैं। शोधकर्ता रिचर्ड पेल्टियर के अनुसार प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क पहनने वाले लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन चिंता इस बात की है कि यदि वे किसी डीजल ट्रक के सामने खड़े हो जाएं तो क्या वे सुरक्षित हैं।

शोधकर्ताओं के दल ने नेपाल में चार प्रकार के मास्क का परीक्षण किया जिनमें कपड़े से निर्मित मास्क का प्रदर्शन बेहतर रहा और यह 80-90 फीसदी कृत्रिम कणों तथा डीजल गाड़ियों से निकलने वाले लगभग 57 फीसदी हानिकारक कणों को दूर रखने में सक्षम रहा। वहीं, मास्क के रूप में इस्तेमाल में लाया गया रुमाल या स्कार्फ 2.5 माइक्रो मीटर से कम आकार के कणों से बचाने में बेहद सीमित तौर पर लाभकारी साबित हुआ, जो बड़े कणों की तुलना में अधिक हानिकारक है, क्योंकि वे फेफड़े की गहराई तक पहुंच जाते हैं। अध्ययन यह दर्शाता है कि लोगों को यह पता होना चाहिए कि रुमाल या स्कार्फ बेहद सीमित रूप से उनका बचाव करते हैं। लेकिन बात तो यही है कि कुछ नहीं से अच्छा कुछ तो है।

# भूल कर भी न मारें बच्चों के सिर पर थप्पड़



**बच्चों** के शरारत करने पर अक्सर माता पिता सिर पर थप्पड़ मार देते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि वह थप्पड़ आपके बच्चे पर कितना भारी पड़ सकता है। जानिए कैसे एक थप्पड़ आपके बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित कर सकता है। आमतौर पर माता-पिता गुस्से में बच्चे सिर पर थप्पड़ लगा देते हैं। लेकिन एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि वह एक थप्पड़ आपके बच्चे के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। बच्चों के सिर के पीछे थप्पड़ मारने से उनमें मानसिक समस्याओं का जोखिम बढ़ता है। यही नहीं संज्ञानात्मक क्षमताओं (कॉग्नेटिव एबिलिटी) भी कम होती है। 50 साल के लंबे शोध से पता चला है कि बच्चे के सिर पर थप्पड़ मारने से उसके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। इस दौरान उन्होंने करीब 1,60,000 बच्चों के जीवन का आंकलन किया। माता-पिता अक्सर ये सोचते हैं कि थप्पड़ मारने से उनके बच्चे सुधर जाएंगे, ये धारणा बिल्कुल गलत है क्योंकि इस तरह का व्यवहार बच्चों को लंबे समय तक नहीं सुधार सकता है।

## घरेलू नुस्खों से मिल सकता है आराम

# अब किडनी स्टोन के दर्द से मिलेगी राहत

*किडनी में पथरी या स्टोन के दर्द को बर्दाश्त करना काफी मुश्किल होता है, कोई भी व्यक्ति इस दर्द को ज्यादा देर तक बर्दाश्त नहीं कर सकता है इसलिए कई डॉक्टर दवाइयां देकर इसे यूरीन के रास्ते बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। अगर पथरी ज्यादा बड़ी हो तो डॉक्टर को ऑपरेशन करना पड़ता है, लेकिन अगर आप भी किडनी के स्टोन के दर्द से परेशान हैं तो कुछ घरेलू उपाय अपनाकर किडनी के स्टोन से राहत पा सकते हैं।*



### कैल्शियम से भरपूर खाना

तुलसी के पत्तों का सेवन करने से किडनी के स्टोन से छुटकारा पाया जा सकता है। तुलसी के पत्तों को चबाना, तुलसी की चाय बनाकर पीना, तुलसी के रस में शहद मिलाकर पीने से स्टोन से राहत मिलती है। किडनी में स्टोन की समस्या से राहत पाने के लिए कैल्शियम युक्त भोजन का सेवन करना चाहिए, जो स्टोन को तोड़ने और बाहर निकालने में मदद करते हैं। दूध, मक्खन, तरबूज का सेवन करना लाभकारी साबित हो सकता है।

### नींबू, ओलिव ऑयल और पानी

नींबू का रस चौथाई कप निकालकर उसमें उतना ही ओलिव आयल मिलाकर इसका सेवन करने के बाद पानी पीना चाहिए। दिन में 2 बार ऐसा करने से किडनी स्टोन से छुटकारा पाया जा सकता है। किडनी में स्टोन की समस्या से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा पानी पीने से किडनी में से स्टोन यूरीन के रास्ते बाहर निकल जाता है।

### अनार और अजवाइन भी फायदेमंद

फलों का सेवन करना वैसे भी हमारी सेहत के लिए लाभकारी होता है, लेकिन स्टोन की समस्या होने पर अनार या अनार का जूस पीने से स्टोन से छुटकारा पाया जा सकता है। वहीं अजवाइन का सेवन करने से पेट संबंधित कई रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है, लेकिन किडनी में स्टोन होने पर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

# लहरों के बीच बना सकते हैं बेहतर भविष्य

**आजकल के बच्चे काफी सोच समझकर अपने कॅरियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन कई बच्चों को समुद्र की लहरों के बीच राफ्टिंग करना बेहद पंसद होता हैं अगर वो चाहें तो इस हॉबी को रोजगार का साधन भी बना सकते हैं, लेकिन इस कॅरियर की शुरुआत सिर्फ साहसी लोग ही कर सकते हैं और इसके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना बेहद जरूरी है।**




### प्रमुख संस्थान...

- इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन, नई दिल्ली
- हिमालयन रिवर रनर्स, नई दिल्ली

### कैसे करें शुरुआत...?

राफ्टिंग का 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स कई संस्थानों द्वारा करवाया जाता है। सबसे पहले प्रार्थी की शारीरिक जांच करने के बाद उसको राफ्टिंग गाइड के साथ खतरनाक राफ्टिंग ट्रैक पर भेजा जाता है। ट्रेनिंग के दौरान रॉफ्टिंग उपकरणों के प्रयोग करने के बारे में समझाया जाता हैं और साथ ही यह जानकारी भी दी जाती हैं कि नदी में पानी के बहाव, उसकी गहराई की कैसे जांच करनी हैं। राफ्टिंग का सारा प्रशिक्षण लेने के बाद आप राफ्टिंग गाइड भी बन सकते हैं और पर्यटकों को राफ्टिंग का सफर करवा सकते हैं। हालांकि ये कॅरियर कमजोर दिलवालों के नहीं, बल्कि मजबूत इरादे वालों के लिए है। इसलिए ये कॅरियर चुनते समय आप ये डिसाइड कर लें कि कहीं आपको पानी से डर तो नहीं लगता।

## रेसिपी



### हर्बड़ पनीर पराठा

#### सामग्री

मिक्स करके ताजा हर्बड़ भरावन बनाने के लिए: 1/4 कप बारीक कटी हुई सोआ भाजी, 1/4 कप बारीक कटा हुआ पुदिना, 1/4 कप बारीक कटा हुआ हरा धनिया, 1/2 कप कसा हुआ पनीर, 2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक , स्वाद अनुसार, **अन्य सामग्री:** 4 आधी-सेकी हुई गेहूं की रोटियां, **पकाने के लिए:** तेल, **परोसने के लिए:** ताजा लो-फैट दही

#### विधि

हर्बड़ भरावन के मिश्रण को 4 बराबर भागों में बांटिए और एक तरफ रख दीजिए। एक आधी सेकी हुई रोटी को साफ सूखी सतह पर रखकर, भरावन मिश्रण के एक भाग को रोटी के आधे हिस्से पर रखिए और रोटी का दूसरा आधा हिस्सा मिश्रण के उपर मोड़ दीजिए। एक नॉन-स्टिक तवे को गरम करके, उस पर पराठा रखकर, ½ टी-स्पून तेल की मदद से, पराठे को दोनो तरफ सुनहरा से होने तक सेकिए। बाकी बची रोटियां और भरावन मिश्रण से 3 और पराठे बनाइए। ताजे लो-फैट दही के साथ गरमा गरम परोसिए।



### राजस्थानी पुलाव

#### सामग्री

3 कप पके हुए चावल, 2 कप बेसन, एक कप दही, 5 आलू, 5 प्याज लम्बाई में कटे हुए, एक बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, 4 हरी मिर्च, एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 2 छोटे चम्मच गरम, मसाला पाउडर 2 लौंग, एक चुटकी हींग, आधा छोटा चम्मच अजवायन, एक छोटा चम्मच राई, ड्राइ फ्रूट्स, लाल मिर्च पाउडर, नमक, तेल, बारीक कटी धनिया

#### विधि

बेसन को बर्तन में छानकर इसमें थोड़ा लाल मिर्च पाउडर, अजवायन, थोड़ा नमक और दही डालकर मिक्स करके गूंद लें। गुंदे हुए बेसन से छोटी-छोटी लोई बनाएं। अब लोई को लंबा करके रोल्स तैयार करें। गैस पर बर्तन में पानी गर्म करें। इसमें बेसन के रोल्स डालकर मध्यम आंच पर 10 मिनट तक पकाएं। गैस बंद करके रोल्स को पानी से निकाल लें और इन्हें एक इंच मोटे टुकड़ों में काट लें। बेसन के गट्टे तैयार हैं। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें लौंग, हींग और राई डालकर तड़का लगाएं। इसके बाद तेल में प्याज डालकर फ्राई करें। जब प्याज सुनहरे हो जाएं तो इसमें हरी मिर्च और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर 2 मिनट मध्यम आंच पर पकाएं। अब हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला पाउडर और नमक ड्राइ फ्रूट्स डालकर एक मिनट पकाएं। इसके बाद चावल और बेसन के गट्टे डालकर चलाएं। अब चावल को 2 मिनट मध्यम आंच पर पकाएं इसके बाद गैस बंद कर दें और चावल को एक मिनट के लिए ढक दें। राजस्थानी गट्टे वाला पुलाव तैयार है। इसे हरी धनिया से गार्निश करके दही या रायते के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**